मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews


jagruk_janta

वैशाख, पक्ष - कृष्ण, तिथि - द्वादशी, संवत 2079 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-9, 27 अप्रैल - 3 मई, 2022 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

मो. 9828333666
अरना एसोसिएट्स
नई एवं पुरानी गाड़ी पर लोन, मार्गेज लोन के लिए सम्पर्क करें
Authoriesed DSA
ICICI Bank Home Loans | MAGMA | HeroFinCorp | HDFC BANK | SK Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ Bajaj FinServ Limited | TATA CAPITAL | Mahindra Finance

## बैंक बंद खातों की जानकारी पोस्टल पते पर क्यों नहीं देते!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**संसार** में पैसों की बहुत अहमियत है। कहते हैं कि 'पैसा सब कुछ तो नहीं है, मगर बहुत कुछ है।' इसलिए पैसों को छोटे से लेकर बड़ा होने तक मनुष्य अपने सीने से लगाए रखता है। मनुष्य का दिमाग कभी खाली तो रहता नहीं है। कुछ न कुछ उसके दिमाग में चलता रहता है। इसी दिमाग के चलते उसके मन में असुरक्षा की भावना पैदा हो जाती है और भविष्य में भाग्यवश आ जाने वाले बुरे वक्त के लिए वह पैसा जोड़ता है। पैसों को सुरक्षित रखने के लिए पहले तो मनुष्य तिजोरियों में रखते थे, जमीन में गाड देते थे। लोगों को ब्याज पर दे देते थे। पुराने जमाने में कागज के नोट नहीं होकर सोने, चांदी, तांबे आदि के सिक्के हुआ करते थे, जो न गलते थे न नष्ट होते थे। समय के साथ मुद्राएं भी कागज की हो गई और पैसों को जमा करने के लिए बैंक भी खुल गए। पैसों और गहनों को सुरक्षित रखने के लिए बैंको ने लॉकर आदि की व्यवस्था भी करदी। समय और बदला, पैसों का लेन-देन ऑन लाइन होने लगा। ऑन लाइन में ठगी भी होने लगी है। धन को पहले खजानों से चोर ले जाया करते थे, अब ऑन लाइन ठगी होती है। हालांकि इससे बचाव का रास्ता भी बैंक सुझाने लगा है। पर हम बात कर रहे थे बैंकों की ग्राहकों के प्रति जिम्मेदारी की। होता क्या है कि कुछ निश्चित समय अवधि के बाद अगर बैंक खाते से पैसों की निकासी नहीं होती है तो बैंक उस खाते से लेन-देन बैंद कर देता है। ऐसे में कई बार ग्राहकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी खाताधारक की मृत्यु हो जाती है और उसके खाते का उसके परिजनों को मालूम ही नहीं होता। ऐसे में सारा पैसा बैंक में ही लावारिस रह जाता है। जब बैंक ग्राहक को अपनी सेवाएं देने की हर तरह से वसूली करता है। तो फिर खाते से निश्चित समय तक लेन-देन नहीं होने पर बैंक की जिम्मेदारी नहीं बनती है कि वह संबंधित खाताधारक के पोस्टल पते पर इसकी सूचना देवे? ऐसी सूचना मिलने पर संबंधित खाताधारक के उत्तराधिकारी उस पैसे पर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। सारी शर्तें ग्राहकों के ऊपर ही थोपी जाती है, बैंक को गंभीरता से इस ओर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि लाखों-करोड़ों रुपए इस तरह बैंक में लावारिस पड़े होते हैं।

shivdayalmishra@gmail.com

## बच्चों के लिए 2 वैक्सीन को भारत के औषधि महानियंत्रक की मंजूरी

# 6-12 के लिए कोवैक्सिन और 12 से बड़ों के लिए जायकोव डी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारत के औषधि महानियंत्रक DCGI ने 6 से 12 साल तक के बच्चों के लिए भारत बायोटेक की कोवैक्सिन को इमरजेंसी यूज की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा 12 साल से अधिक की उम्र के बच्चों के लिए जायडस कैडिला की जायकोव डी वैक्सीन को भी इमरजेंसी यूज की मंजूरी दी गई है। यह फैसला ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया की सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी की मीटिंग के बाद लिया गया है, जिसमें भारत बायोटेक की कौवैक्सिन को 2-12 साल की उम्र के बच्चों को लगाने के लिए डेटा मांगा गया था।



### अब बच्चों को तीन वैक्सीन लगेंगी

फिलहाल 12-14 साल के बच्चों को कॉर्बेवैक्स वैक्सीन दी जा रही है। 15-17 साल के बच्चों को कोवैक्सिन का डोज दिया जा रहा है। आज मिली मंजूरी के बाद देश में 6 से 12 साल और उससे अधिक उम्र के बच्चों को कुल 3 कोरोना वैक्सीन लगाई जाएंगी।

### कॉर्बेवैक्स को अप्रूवल का इंतजार

DCGI की सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी ने पिछले दिनों 5 से 11 साल के बच्चों पर कॉर्बेवैक्स वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल की सिफारिश की थी। पैनल ने इस मसले पर बीते गुरुवार को बैठक की थी। कॉर्बेवैक्स हैदराबाद की कंपनी बायोलॉजिकल ई की ओर से स्वदेशी रूप से डेवलप की गई पहली आरबीडी प्रोटीन सब-यूनिट वैक्सीन है।

### 12 से 17 साल के बच्चे वैक्सीनेटेड

देश में बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने की शुरुआत इस साल 3 जनवरी से हुई थी। शुरुआत में 15 से 17 साल के बच्चों को कोवैक्सिन ही लगाई जा रही थी। बाद में 16 मार्च को 12 साल से अधिक उम्र के बच्चों के लिए वैक्सीनेशन शुरू किया गया। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक 12-14 साल ऐज ग्रुप के बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीनेशन 16 मार्च 2022 को शुरू किया गया था। अब तक उन्हें 2.7 करोड़ (पहली डोज) और 37 लाख (दूसरी डोज) दी जा चुकी है। वहीं, 15-18 साल के ऐज ग्रुप के बच्चों को 5.82 करोड़ पहली डोज और 4.15 करोड़ दूसरी डोज लगाई जा चुकी है।

## पीके ने ठुकराया सोनिया का ऑफर : कहा-

# कांग्रेस को मेरी नहीं अच्छी लीडरशिप की जरूरत-पीके

### संगठन में बड़े पैमाने पर बदलाव जरूरी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** आखिरकार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस का दामन थामने से इनकार कर दिया। पिछले 15 दिनों से अटकलें चल रही थीं कि प्रशांत कांग्रेस में शामिल हो जाएंगे। प्रशांत ने इस पर खुद ही विराम लगा दिया और कहा कि कांग्रेस को मेरी नहीं, अच्छी लीडरशिप और बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत है। इसके पहले प्रशांत ने 600 पेज का प्रेजेंटेशन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को दिया था। फिर सोनिया ने 8 सदस्यों की कमेटी से क्ष्य को पार्टी में शामिल करने पर सलाह मांगी थी। कमेटी ने प्रशांत से कांग्रेस में आने से पहले बाकियों का साथ छोड़ने को कहा था।

### चुप्पी, फिर सुरजेवाला बोले- PK ने मना कर दिया

मंगलवार को कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया- कांग्रेस अध्यक्ष ने एक एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप 2024 का गठन किया और प्रशांत किशोर को जिम्मेदारी देते हुए ग्रुप में



शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। हम उनके द्वारा पार्टी के लिए किए गए प्रयासों और सुझावों की सराहना करते हैं।

### पीके बोले- कांग्रेस को मेरी जरूरत नहीं

सुरजेवाला के बयान के बाद खुद PK ने यह साफ कर दिया कि वे कांग्रेस में शामिल नहीं हो रहे हैं। प्रशांत ने लिखा- मैंने EAG (एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप) का हिस्सा बनने, पार्टी में शामिल होने और चुनावों की जिम्मेदारी लेने का कांग्रेस का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। मेरी राय में पार्टी की अंदरूनी समस्याओं को ठीक करने के लिए, कांग्रेस को मुझसे ज्यादा लीडरशिप और मजबूत इच्छाशक्ति की जरूरत है।

## चौथी लहर की आहट

# मुख्यमंत्रियों के साथ मोदी की बैठक आज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश में लगातार 7वें दिन कोरोना के 2 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 2,483 नए मामले मिले। इस बीच कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर ने कहा कि जून के अंत में कोरोना की चौथी लहर पीक पर हो सकती है। उन्होंने IIT कानपुर की स्टडी का हवाला देते हुए कहा कि इसका प्रभाव अक्टूबर तक रहेगा। इसे देखते हुए कर्नाटक सरकार ने राज्य में फेस मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग को अनिवार्य कर दिया है।

### मोदी आज मुख्यमंत्रियों से करेंगे बात

**देश** में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार दोपहर 12 बजे सभी मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग करेंगे। बता दें कि देश में पिछले एक हफ्ते से लगातार दो हजार से ज्यादा नए मरीज सामने आ रहे हैं। सबसे ज्यादा चिंता राजधानी दिल्ली को लेकर है, जहां रोज 1 हजार से ज्यादा केस मिल रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को लिखा पत्र

# प्रतापगढ़ व जालोर में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रस्ताव को केन्द्र दे शीघ्र मंजूरी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर भारत सरकार के स्तर पर लंबित प्रतापगढ़ एवं जालोर जिला मुख्यालयों पर नवीन मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को केन्द्रीय प्रवर्तित योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने तथा योजना के प्रावधानों में राजसमन्द जिले के लिए शिथिलता प्रदान करने का अनुरोध किया है। गहलोत ने पत्र में लिखा है कि प्रतापगढ़, जालोर एवं राजसमन्द जिले में राजकीय मेडिकल कॉलेज नहीं हैं।

राजधानी जयपुर में आवासीय प्लॉट लेने का सुनहरा अवसर
JDA & RERA Approved Plots
40-80 बीघा Township में उपलब्ध है।
हमारी Townships की विशेषताएं
पाएं अपने सपनों का JDA Approved Plot सभी सुविधाओं के साथ
» आकर्षक प्रवेश द्वार 80-100 फीट रोड पर। » डामर एवं इंटरलॉक टाईल्स 30-40 फीट रोड पर। » चारों ओर से 6 फीट की ब्लॉक बाउण्ड्री एवं 3 फीट की तार फैनसिंग से सुरक्षित क्षेत्र। » मेन गेट पर सिक्योरिटी गार्ड सुविधा। » सीवरेज लाईन प्रत्येक प्लॉट के आगे। » Electricity line underground प्रत्येक प्लॉट के आगे। » पानी की लाईन प्रत्येक प्लॉट के आगे। » सुसज्जित पार्क एवं Open Jym » हरा-भरा स्वच्छ एवं शांत वातावरण। » Kids play zone » Community Hall सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए। » हिन्दू देवी-देवताओं का मन्दिर। » फ्री रजिस्ट्री। » लोन सुविधा 20 प्रतिशत डाउन पेमेंट, 80 प्रतिशत तक लोन सुविधा।
एक बार अवश्य पधारें
आपका सपना-हमारा प्रयास | आज संभव-कल असंभव
देरी न करें बस कॉल करें- @विशाल माथुर 9829210618

## IAS नन्नू मल पहाड़िया और RAS अशोक सांखला सस्पेंड

**जयपुर @ जागरूक जनता।** एक फर्म से 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते एसीबी की गिरफ्त में आए IAS अधिकारी नन्नू मल पहाड़िया और RAS अधिकारी अशोक सांखला को राज्य सरकार ने सस्पेंड कर दिया है। दोनों अधिकारियों के 48 घंटे से ज्यादा पुलिस अभिरक्षा में होने के चलते सरकार ने दोनों को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान दोनों को अपनी हाजिरी प्रमुख शासन सचिव कार्मिक विभाग जयपुर के यहां देनी होगी।

## बॉम्बे हाईकोर्ट का आदेश

# भीड़ वाली ट्रेनों से गिरने पर यात्री घायल हो जाए, तो रेलवे को देना होगा मुआवजा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**ठाणे।** बॉम्बे हाईकोर्ट के एक फैसले से ट्रेन से यात्रा करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट का कहना है कि लोकल ट्रेनें मुंबई की लाइफ लाइन हैं, हर रोज हजारों लोग इनमें सफर करते हैं। ऐसे में अगर भीड़ के चलते कोई ट्रेन में चढ़ते समय गिर जाता है और घायल हो जाता है, या फिर ट्रेन से गिरने पर उसकी मौत हो जाती है। इस तरह की घटनाओं में रेलवे को मुआवजा देने होगा। जस्टिस भारती डांगरे की सिंगल बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने पश्चिम रेलवे को 75 साल के नितिन हुंडीवाला को 3 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। नितिन एक लोकल ट्रेन में गिरने के बाद घायल हो गए थे, इस हादसे में नितिन के दोनों पैरों में चोट लगी थी।

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 | हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 | हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 | Silver Utensiles
Certified | राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

ANCHOR **239 आरएएस अफसरों के तबादले**

# राजस्थान की पावरफुल आईएएस डोगरा, गहलोत को मंत्रियों से ज्यादा भरोसा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में 239 आरएएस अफसरों के तबादले के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में कई अहम बदलाव किए गए है। सीएमओ में कुछ अफसरों की विदाई के बाद अधिकारियों को कार्य विभाजन कर दिया गया है। नए अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए अफसर आईएएस गौरव गोयल को अहम जिम्मेदारी दी गई। हालांकि पूर्व में सीएमओ का कार्य देख रही आईएएस आरती डोगरा को मजबूत किया गया है। डीआईपीआर का जिम्मा अनुराग वाजपेयी को दिया गया है।

### वाजपेयी को सूचना जनसंपर्क का जिम्मा

**जीएस** यादव को विभागीय जांच और अभियोजन स्वीकृति का जिम्मा दिया गया है और आरटीआई एक्ट का भी कार्य देखेंगे। अनुराग वाजपेयी को सूचना जनसंपर्क विभाग का जिम्मा दिया गया है। गौरव गोयल को यूडीएच, हाउसिंग बोर्ड, एलएसजी जयपुर मेट्रो, एमएसेमी, उद्योग, खादी, वीआईपी, सार्वजनिक उपक्रम, ईएसआई, जीएडी, सिविल एविएशन, कैबिनेट, मोटर गैराज, संपदा पेट्रोलियम, योजना, मेडिकल एजुकेशन, सांख्यिकी विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य, आयुर्वेद, परिवार कल्याण की जिम्मेदारी दी गई है। सोहनला शर्मा को कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी, कर्षि विपणन बोर्ड, पशुपालन, गोपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, श्रम रोजगार, स्किल डेवलपमेंट की जिम्मेदारी दी गई है। शाहीन अली खान को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, वाटर शेड, मृदा संरक्षण, अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ, मुख्यमंत्री कार्यालय का सामान्य प्रशासन की जिम्मेदारी देखेंगे। गौरव बजाड़ को महिला एवं बाल विकास, देवस्थान, परिवहन, युवा और खेल मामला, संसदीय कार्य विभाग, विधानसभा, चुनाव, पर्यटन, कला संस्कृति और संग्रहालय का जिम्मा दिया गया है।

### अजय असवाल को कैबिनेट मीटिंग की जिम्मेदारी

अजय असवाल- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, राजस्व उपनिवेशन, सैनिक कल्याण, आपदा प्रबंधन राहत और पुनर्वास, सीएमआईएस, महत्वपूर्ण कैबिनेट फैसलों की मीटिंग और प्रोजेक्ट और प्रोग्राम के क्रियान्वयन का भी जिम्मा दिया गया। ललित कुमार को जन अभियोजन निराकरण का जिम्मा दिया है। लक्ष्मण सिंह शेखावत को जन अभियोजन निराकरण जिसमें मुख्यमंत्री आवास पर आने वाली शिकायतों निवारण का जिम्मा होगा।

### आरती डोगरा को डीओपी, गृह और पुलिस का जिम्मा

**आरती** डोगरा को डीओपी, गृह, पुलिस, होमगार्ड विजिलेंस, जेल, सिविल डिफेंस, ऊर्जा, पीडब्ल्यूडी पीएचइडी, जल संसाधन, आईजीएनपी, प्रशासनिक सुधार, प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी, जन समस्या निवारण और राजेश कुमार गुप्ता को फाइनेंस, टैक्सेशन, एक्साइज, स्मॉल सेविंग, जीपीएफ, वन एवं पर्यावरण, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, सीएम आर एफ, वीआईपी, रेफरेंसेस, सोशल जस्टिस एंड एंपावरमेंट, निशक्तजन, जनजातीय विभाग का जिम्मा दिया गया है। हनुमान मल ढाका को खाद्य एवं आपूर्ति, प्राइमरी और सेकंडरी एजुकेश, उच्च शिक्षा, भाषा, तकनीकी शिक्षा और संस्कृत शिक्षा का जिम्मा दिया गया है।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
»मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
»सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
»असाध्य घाव/शुगर के घाव
»कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
»अचानक बहरापन (Hearing Loss)
»डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine Fortis Escorts Hospital JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

Jagruk City
जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
जागरूक सिटी
02 जयपुर, बुधवार
27 अप्रैल - 3 मई 2022
Jagruk Janta
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

## जागरूक खबरें

### पर्यावरण बचाओ विशाल पैदल रैली का आयोजन किया



**जयपुर @ जागरूक जनता।** स्थानीय विद्याधार नगर स्टेडियम में गेल के तत्वाधान में पर्यावरण बचाओ, स्वास्थ्य बनाओ पैदल रैली का आयोजन किया गया, जिसका विषय आओ पैदल चलें था। कार्यक्रम मे श्वेता धनकड़ डीसीपी ट्रैफिक जयपुर एंव गेल के उपप्रबंधक राहुल चोधरी ने झंडा दिखा कर रेली को रवाना किया। कार्यक्रम में डा. ललित मोदी हड्डी विभाग प्रमुख सीके बिरला हास्पीटल विशिष्ट अतिथी के रुप में मौजूद थे। रैली में भाग ले रहे सभी महिलाओं, पुरूषो और बच्चों को दिए गए कूपन की लॉटरी निकाल कर 10 पुरस्स्कार प्रदान किए गए।

### सुपर मॉम प्रतियोगिता का आयोजन




**जयपुर @ जागरूक जनता।** सेवन हिल्स इंटरनेशनल स्कूल में सुपर मॉम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से अभिभावकों को पुरस्कार वितरित किए गए। सभा की अध्यक्षता करते हुए समाज सेविका खुशबू ने कहा कि बच्चे की पहली गुरु उसकी मां होती है। बच्चों को संस्कार देने में अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों के साथ ही अभिभावकों में भी रुचि बढ़ती है।

### फिल्म वृक्षा का भव्य पोस्टर हुआ लांच

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मेवाल फिल्मस और एके मिडिया आर्ट के बैनर तले बनी फिल्म वृक्षा का भव्य पोस्टर आज सोशल मीडिया पर लांच किया गया, फिल्म में वृक्षों के लिए एक माँ का अपने बच्चें का बलिदान दिखाया गया है, फिल्म के डायरेक्टर तपतेश कुमार मेवाल है, फिल्म समाज को पर्यावरण बचाओ का एक महत्वपूर्ण संदेश देती है, फिल्म के लेखक असलम कायमखानी ने बताया कि वृक्षों पर आधारित ये फिल्म समाज को सोचने पर मजबूर कर देगी, फिल्म का निर्माण तपतेश कुमार मेवाल ओर सुहालिया ने किया है, कैमरा एवं एडीटर प्रदीप म. उम्मट है, फिल्म की मुख्य भुमिका में, दिनेश सिंह कुशवाहा, अस्मिता उर्फ़ ललिता, अरुण वशिष्ठ योगी, अतुल प्रताप, हनीष्का शर्मा, शमीम बानो, अनिल भागवत, सोनु धाप, श्याम सिंह, अजय नागर, रिंकू नागर, विमल मीणा, कुपा प्रसाद, ओर बाल कलाकार सुफी (निंबी कलां) है, फिल्म जल्द ही देश विदेश की सभी ओटीटी प्लेफॉर्म, सोशल मीडिया और टीवी चैनल्स पर 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर रिलीज़ की जायेगी।

### भगवान परशुराम परिसर में लगाए अन्न पात्र एवं बांधे परिंडे



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर सेक्टर 4 स्थित भगवान परशुराम परिसर में मूक पक्षियों के लिए झुलसती गर्मी में दाना चुगने के लिए अन्न-पात्र एवं पीने के लिए पानी के परिंडे बांधे गए। इस अवसर पर एस.के. शर्मा अध्यक्ष राजस्थान ब्राह्मण महासभा छात्रावास एवं परिसर प्रभारी ने अपनी टीम के साथ ये परिंडे बांधे। कार्यक्रम में हीरालाल शर्मा वार्डन, मुरारीलाल शर्मा मुख्य सुरक्षा अधिकारी, छात्रावास विद्यार्थी पंकज पुजारी, सौरभ लाटा एवं प्रकाश शर्मा सहित अनेक छात्र शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि क्षेत्र में आसपास भी परिंडे एवं अन्न पात्र लगाकर पक्षियों को राहत पहुंचाने का प्रयास करेंगे। पक्षियों के लिए नियमित रूप से पानी एवं दाना की व्यवस्था की जाएगी।

### बीमा भवन बचाओ संघर्ष समिति का आंदोलन का 20वां दिन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पिछले 20 दिन से मुख्यालय के कर्मचारी (मुख्यालय सा.बी. योजना, जयपुर संभाग प्रथम, द्वितीय, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण एवं सचिवालय) बीमा भवन के बहुमंजिले निर्माण के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। इसी कड़ी में बीते सोमवार से विभाग में क्रमिक अनशन प्रारम्भ कर दिया गया है। बीमा भवन बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य रामकिशोर मीणा ने कहा कि बीमा भवन राजकीय भवन है। भवन सन 1962 में राज्य कर्मचारियों के बीमा निधि से क्रम किया गया है। भवन में राज्य के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वामित्व निहित है। उन्होंने संघर्ष समिति के सभी सदस्यों से आव्हान किया कि संलग्न ज्ञापन पत्र अपने अपने जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित करें। साथ ही एक घंटे के लिए कार्य का बहिष्कार करें।

स्वच्छता सर्वेक्षण टीम राजधानी की गलियों में

## ...तो दिखने लगी सफाई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर शहर की असली परीक्षा शुरू हो चुकी है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 केन्द्र की टीम जयपुर में सफाई व्यवस्था की जांच में जुटी है, इस बीच हैरिटेज नगर निगम ने सड़क किनारे पड़े कचरा डिपो पर मुख्य फोकस कर दिया है। कई कचरा डिपो को हटा दिया गया है, तो कुछ जगहों पर खुदाई कराकर वहां रोड़ी सीमेंट की परत डाली जा रही है। केन्द्र की टीम का ही भय सही, इससे धरातल पर सड़क किनारे दिनभर पड़े रहने वाले कचरा डिपो गायब होते नजर आ रहे है।

हैरिटेज नगर निगम क्षेत्र में करीब 1500 से अधिक जगह कचरा डिपो बने हुए है। मुख्य मार्गो के साथ सड़क किनारे इन कचरा डिपो पर दिनभर कचरा पड़ा नजर आता था। स्थानीय लोगों के साथ नगर निगम के सफाई कर्मचारी भी इन कचरा डिपो पर कचरा डाल जाते थे। अब इनदिनों स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर सफाई की सच्चाई जांचने के लिए केंद्रीय टीम शहर में है। टीम वार्डो में घूमकर सर्वे कार्य कर रही है, सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों से बातचीत करने के साथ कचरा गंदगी की फोटो भी ले रही है। इसे देखते हुए निगम प्रशासन ने मुख्य फोकस इनदिनों शहर के कचरा डिपो पर कर दिया है। इन कचरा डिपो पर कचरा नजर नहीं आए, इसके लिए सभी स्वास्थ्य निरीक्षकों को निर्देश जारी कर रखे है। वहीं इन कचरा डिपो से कचरा भी दिन में दो बार उठ रहा है। इस बीच सफाई कर्मचारी भी इन डिपो पर फैलने वाले कचरे को एकत्र करते नजर आ रहे है।



**यहां से हटाए कचरा डिपो**

**जवाहर** नगर में मोनीलेक मार्ग पर मुख्य मार्ग से कचरा डिपो को हटाकर सड़क का खोद दिया गया, ताकि लोग फिर से कचरा नहीं डाले, इस जगह को पक्का किया जा रहा है।

**जवाहर** नगर के गोल मार्केट के पीछे मुख्य सड़क से कचरा डिपो को हटाकर नगर निगम ने बोर्ड लगा दिया, इस पर कचरा डालने पर जुर्माना वसूलने की बात लिखी गई है।

#### केन्द्र की टीम कर रही दौरा

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर शहर की सफाई जांचने के लिए केन्द्र की टीम इनदिनों जयपुर में है। ये टीम सदस्य अलग-अलग जगहों पर जाकर सफाई की सच्चाई देख रही है। टीम को दिल्ली से गुगल मैप के अनुसार क्षेत्र में जाने के निर्देश मिलने के बाद वार्ड में पहुंच रही है।

1 मई से शुरू होगी यह व्यवस्था

## ट्रैफिक पुलिस तीन घंटे तक नहीं उठाएगी गाड़ी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** परकोटा क्षेत्र में पार्किंग समस्या और वाहन खड़े करने के नाम पर अवैध वसूली अब खत्म होने की उम्मीद है। हैरिटेज निगम ने अधिकतम तीन घंटे गाड़ी पार्क की व्यवस्था का निर्णय किया है।



निगम मई के पहले सप्ताह में नई व्यवस्था लागू कर देगा। इसके तहत तीन घंटे तक का शुल्क एक ही रहेगा। दुपहिया वाहन के 10 रुपए और चौपहिया वाहन के 30 रुपए लगेंगे। एक ही शुल्क तय करने के पीछे निगम अधिकारियों का तर्क है कि परकोटे के बाजारों में खरीदारी करने के लिए तीन घंटे का समय पर्याप्त है। हालांकि, इस फैसले ने निगम को आर्थिक नुकसान होगा।

राजस्थान ब्राह्मण महासभा विद्याधर नगर इकाई जयपुर की मीटिंग आयोजित

## कोरोना वीर सम्मान से सम्मानित हुए योद्धा







जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा विद्याधर नगर इकाई जयपुर की मीटिंग एस के शर्मा रिटायर्ड इनकम टैक्स ऑफिसर आतिथ्य में आयोजित की गई। मीटिंग में इस माह में जन्में उन सभी सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया तथा कोरोना का काल में कोरोना वॉलिंटियर को कोरोना योद्धा सम्मान पत्र से सम्मान किया गया। इसमें नंदकिशोर शर्मा, ललित शर्मा, शिवदयाल मिश्रा पत्रकार और केदार मल शर्मा का कार्य सराहनीय रहने के फलस्वरूप यह सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जयदेव शर्मा, महामंत्री रवि शंकर शर्मा एवं गणमान्य सदस्य अरुण शर्मा विकास शर्मा, अजय शर्मा आदि उपस्थित हुए। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

श्रीपापड़ के हनुमानजी मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा

## कनक बिहारी श्रीराम जानकी जी मंदिर का दशम पाटोत्सव

**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री पापड़ वाले हनुमान मंदिर में नव दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। श्री पापड़ वाले हनुमानजी संत विकास समिति के मंत्री राजारामदास पुजारी (राजू बाबा) ने बताया कि मंदिर श्रीकनक बिहारी श्रीराम जानकीजी मंदिर के दशम पाटोत्सव के शुभप अवसर पर एक मई रविवार से प्रारंभ होकर 9 मई सोमवार तक नौ दिवसीय श्रीरामकथा होगी। कथा मध्यान्ह सवा बारह बजे से सायं पांच बजे तक अयोध्या वाले आचार्य पं. चन्द्रमणि मिश्र के मुखारबिन्द से सुनाई जाएगी। मंदिर महंत श्रीरामसेवक दासजी महाराज ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पिछले 36 वर्षों से अखंड रामचरित मानस का पाठ चल रहा है जो अब 37वें वर्ष में प्रवेश करेगा। महोत्सव में 7 मई शनिवार वैशाख शुक्ल 6 को महाभिषेक, श्रृंगार, रामचरित मानस की नई प्रति की पूजा अर्चना, आरती एवं छप्पन भोग की झांकी सजेगी।

विद्याधर नगर स्थित सिने स्टार के बेसमेंट भभका

## शाबाश! अशोक, महेश

**बचाई 6 जिंदगियां**

**लकड़ी की सीढ़ी के जरिए दूसरी मंजिल पर चढ़े**

**मुख्यमंत्री ने की हौसला अफजाई, दिया प्रमोशन**



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पुलिस का नाम आते ही दिल, दिमाग में एक सिरहन से उठ जाती है। अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का ध्येय वाक्य को सार्थक करती राजस्थान पुलिस नित नया साहस का परिचय दे रही है। बरजक बीते दिनों करौली घटना में मासूम और माँ, परिवार का जीवन बचाने वाले राजस्थान पुलिस के पोस्टर बॉय बन चुके कांस्टेबल नेत्रेश शर्मा के साहस को सभी देख चुके हैं। वहीं अब जयपुर के कांस्टेबल अशोक कुमार व महेश कुमार ने भी कुछ ऐसा कर दिखाया कि इनकी बहादुरी को हर कोई सलाम कर रहा है। हुआ यूं कि बीते दिनों विद्याधर नगर स्थित सिने स्टार बिल्डिंग के बेसमेंट में आग लग गई। अधिकांश लोग बिल्डिंग से बाहर आ चुके थे। लेकिन दूसरी और चौथी मंजिल पर बुजुर्ग व महिला सहित छह लोग फंसे हुए थे। दमकल कर्मी बेसमेंट की आग बुझाने में लगे थे, लेकिन धुएं के बीच बिल्डिंग के ऊपर जाने का रास्ता नजर नहीं आ रहा था। ऐसे में कांस्टेबल अशोक कुमार व महेश कुमार के साहस पूरा देश प्रशंसा कर रहा है।

#### मुख्यमंत्री ने दिया प्रमोशन

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दोनों कांस्टेबल अशोक और महेश के साहस की ट्वीट के जरिए प्रशंसा करते हुए हैड कांस्टेबल पद पर पदोन्नत किए जाने के आदेश दिए।

#### बड़ा हादसा टल गया

थानाधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि विद्याधर स्थित सिने स्टार टावर के बेसमेंट में बनीपार्क निवासी पवन कुमार अग्रवाल का चप्पल-जूतों का गोदाम है। सुबह करीब 10.30 बजे वहां पर आग लगी थी। समय पर सूचना मिलने और राहत कार्य शुरू होने से बड़ा हादसा टल गया। बिल्डिंग में 36 फ्लैट हैं, जबकि 100 से अधिक दुकान व ऑफिस हैं। इनके अलावा सिनेमा हॉल भी है। पुलिस ने बताया कि आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। यहां पर आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं मिले हैं।



#### ऐसे किया रेस्क्यू

**विद्याधर** नगर थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने उप निरीक्षक मदन सिंह को आस-पास के अस्पतालों से एंबुलेंस बुलाने तथा कांस्टेबल अशोक और महेश को पीछे के रास्ते से ऊपर चढने के लिए कहा। दोनों कांस्टेबल अपनी जान की परवाह किए बगैर तुरंत नजदीक से लकड़ी की सीढ़ी लेकर आए। दोनों ने पहली मंजिल पर चढ़कर सीढ़ी ऊपर ली और उससे दूसरी मंजिल पर चढ़ गए। वहां पर फ्लैट नंबर 203 से एक परिवार के चार सदस्यों को सुरक्षित जगह ले गए। फिर चौथी मंजिल पर जाकर 75 वर्षीय वृद्धा व एक अन्य को रेस्क्यू किया। बहादुर कांस्टेबल छज्जों और दीवार पर लगाए एसी पर पैर रखकर अपनी गोद में बच्चे को लेकर आगे बढ़े। खतरों से भरे रास्ते पर उन्होंने किसी का भी हाथ नहीं छोड़ा और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जहां से एरियल हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म (स्नार्गल लैडर) के सहारे सभी को बाहर निकाला। लोगों ने पुलिस का शुक्रिया अदा किया।



#### कमिश्नर ने किया सम्मानित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने विद्याधर नगर में हुई आगजनी में लोगों की जान बचाने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस कमीशनरेट में सम्मानित किया। उन्होंने कहा की आप लोगों ने जान पर खेल कर लोगों की जान बचाई, आप धन्यवाद की पात्र हैं। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त उत्तर परेश देशमुख, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त धर्मेन्द्र सागर, एसीपी महेन्द्र कुमार, थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील, सहायक उपनिरीक्षक मदन सिंह, हेड कांस्टेबल शेर सिंह, कांस्टेबल मुकेश कुमार, महेंद्र कुमार, महेश कुमार, अशोक कुमार को साफा एंव माला पहनाकर सम्मानित किया गया।




ANCHOR कार्यक्रम

## 151 वेदीय सूक्ष्म गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** यज्ञ सृष्टि के संचालन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इस समय में मनुष्य की व्यस्तता के कारण यज्ञ विद्या का भी सूक्ष्मीकरण कर कम समय में सस्ता सुंदर तथा अत्यंत प्रभावशाली सूक्ष्म यज्ञ की विद्या को विकसित किया गया है। यज्ञ की पूरी प्रक्रिया 15 मिनट में संपन्न हो जाती है। ऐसे यज्ञ को सामूहिक करने पर इसका प्रभाव हजारों गुना बढ़ जाता है। गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट द्वारा अन्य सहयोगी संस्थाओं पूज्य सिंधी पंचायत संस्थान, श्री संत बाबा मेहरदास ट्रस्ट, भारत विकास परिषद, मुरलीपुरा/अंबाबाड़ी, समाज सेवा समिति, जयपुर, श्री श्याम मित्र परिवार सेवा समिति, जांगिड़ विकास समिति, राष्ट्रीय संस्कृति संगठन, गौड़ विप्र समाज, जयपुर, प्रेम फ़ाउंडेशन मुरलीपुरा के सहयोग से यह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 1000 स्थानीय नागरिकों ने अपने परिवारजनों के साथ सामूहिक नैनो यज्ञ किया तथा यज्ञोपैथी (यज्ञ चिकित्सा) के बारे में समझा। यज्ञ से शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों यथा अनिद्रा, स्मरण शक्ति की कमी, मधुमेह, लकवा आदि में आश्चर्यजनक लाभ पाने वाले नैनो यज्ञ याजकों ने अपने अनुभव बताए। सभी परिवारों ने अपने घर में गायत्री सप्त क्रान्ति ट्रस्ट द्वारा दिए गए नैनो यज्ञ किट से नियमित नैनो यज्ञ करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सभी लोगों के भोजन प्रसादी के साथ हुआ।



**बोर्ड ऑफ इंवेस्टमेंट की बैठक: राज्य में 71486.4 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मंजूर**

# 26 हजार से अधिक को मिलेगा रोजगार-मुख्यमंत्री



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 71486.4 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश के लिए प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इससे प्रदेश में 26 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की दूसरी बैठक में कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों के चलते बड़ी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रदेश में औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के प्रस्ताव लगातार मिल रहे हैं। इससे राजस्थान के औद्योगिक विकास को और मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इकाईयों की स्थापना और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने इंवेस्ट राजस्थान समिट की तैयारियों के लिए विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि यह समिट प्रदेश के औद्योगिक विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। गहलोत ने बीकानेर संभाग में सेरेमिक उद्योग के विकास की संभावनाओं के लिए अध्ययन के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में सेरेमिक उद्योग के लिए पर्याप्त कच्चा माल उपलब्ध है और उत्पादन के लिए गैस ग्रिड स्थापित करने की मांग है।

बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों में प्रमुख रूप से ऑटो, एग्रो प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल फार्मा, सोलर एनर्जी, ग्लास एंड सिरेमिक इंजीनियरिंग सीमेंट क्षेत्रों से संबंधित है। इनमें हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल, होंडा कार्स, सेंट गोबिन, बोरोसिल, ओकाया, क्रिश फार्मा, लेंसकार्ट, रिन्यू पावर, एचपीसीएल मित्तल, इनोवेन्टम, टोरेन्ट पॉवर, लेंसकार्ट, सेरामेक्स, ग्रीनटो सहित कई प्रमुख उद्योग समूह शामिल है।

उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि देश के विभिन्न बड़े शहरों में इंवेस्ट राजस्थान अभियान में निवेशों का उत्साह देखने को मिला है। उर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने भी औद्योगिक इकाईयों के विकास के संबंध में विचार रखे।

बैठक में राजस्व मंत्री रामलाल जाट, मुख्य सचिव उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता, वित्त प्रमुख शासन सचिव अखिल अरोड़ा, ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर.ए. सांवत, बीआईपी के आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अतिरिक्त आयुक्त नलिनी कठोतिया उपस्थित थे।

## नियोजक घोषित करें 'श्रमिक दिवस' पर सवैतनिक अवकाश

**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्रम आयुक्त अन्तर सिंह नेहरा ने राज्य के समस्त औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संस्थानों के नियोजकों तथा राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के प्रबंधकों से अपील की है कि वे 1 मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर सवैतनिक अवकाश घोषित कर श्रमिकों को यह दिवस सद्भावना एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने का अवसर प्रदान करें। नेहरा ने बताया कि प्रतिवर्ष श्रमिकों द्वारा 1 मई को श्रमिक दिवस सद्भावना एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

## शनि 29 से कुंभ राशि में करेंगे गोचर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शनि का राशि परिवर्तन 29 अप्रेल को होगा। इस दिन शनि मकर राशि को छोड़कर कुंभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इस राशि में शनि 30 साल बाद वापस आ रहे हैं। एक राशि में शनि ढाई साल तक रहते हैं। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि वर्तमान में शनि मकर राशि में गोचर कर रहे हैं। उसके बाद शनि देव कुंभ राशि में चले जाएंगे। शनि मकर और कंभ दोनों राशि के स्वामी हैं। ये उनकी स्वराशि है। अर्थात वे अपने एक घर से दूसरे घर में जा रहे हैं। मिश्रा का कहना है कि सूर्य पुत्र शनि के गोचर से कई राशियों के जातकों का जीवन प्रभावित होने वाला है।

**जुटेंगे प्रदेश के अखबार मालिक व पत्रकार संघों के प्रतिनिधि**

# राजस्थान लघु एवं मध्यम समाचार पत्र संघ महासम्मेलन मई में



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के लघु व मध्यम समाचार पत्रों के मुद्दों एवं मांगों के समाधान के लिए जयपुर में एक बैठक हुई। राजस्थान लघु व मध्यम समाचार पत्र एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित इस बैठक में सभी पत्रकार संघों के पदाधिकारियों और समाचार पत्रों के संपादक शामिल हुए। बैठक में लघु, मध्यम व मंझले समाचार पत्रों को नियमित तौर पर सरकारी विज्ञापन मिलने, विज्ञापन नीति में सरलीकरण, रियायती दरों पर संघों व समाचार पत्रों को जमीन आवंटन, कैशलेश मेडिकल पॉलिसी, डिजिटल पॉलिसी में लघु समाचार पत्रों को लाभ मिलने के प्रावधान किए जाने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, आईएनएस की तर्ज पर जयपुर में भी समाचार पत्रों के लिए भवन निर्माण, राज्यस्तरीय कमेटियों में संघों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा में सामने आए सुझावों व मांगों से सम्बंधित ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिए जाने का प्रस्ताव लिया गया। साथ ही राजस्थान लघु व मध्यम समाचार संघ की ओर से लघु समाचार पत्रों की एकता और हितों के लिये अगले महीने जयपुर में एक महा सम्मेलन करने का फैसला किया गया जिसमें प्रदेश के सभी लघु व मध्यम समाचार पत्रों के प्रतिनिधि को आमंत्रित किया जाएगा। महासम्मेलन में माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मुख्य अतिथि के तौर आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार श्याम सिंह तंवर ने की। बैठक में लघु समाचार पत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश गोयल, जसविन्दर बल, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश जैमन, राजकुमार गुप्ता, अनिल त्रिवेदी, सन्नी आत्रेय, मुकेश चौधरी, मुकेश पारीक, जार अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, महासचिव संजय सैनी, सुरेंद्र चौधरी, लोकेंद्र सिंह, अनिल यादव, अभय सिंह, भवानी शंकर शर्मा, श्रीलाल चतुर्वेदी, मनीष भारद्वाज, अविनाश शर्मा, ओमवीर भार्गव, दिनेश शर्मा, जतिन श्रीवास्तव, भीमसिंह लोदवाल, आर सी गौड, संजय सैनी, रजनीश शर्मा आदि पत्रकारों ने सम्मेलन को सफल बनाने एवं पत्रकारों की विभिन्न मांगों पर अपने-अपने सुझाव दिए।

**10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 25 मई से**
@ देखें पेज 5 पर

जागरूक जनता फेसबुक पेज
jagrukjanta.com
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

## जागरूक खबरें

### राष्ट्रीय लोक अदालत प्रकरणों के निस्तारण में राजस्थान देश में हो प्रथम-मुख्य सचिव



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने 14 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग कार्ययोजना बनाकर प्रकरणों के निस्तारण में राज्य को देश में प्रथम स्थान पर लाए। शर्मा मंगलवार को सचिवालय स्थित कक्ष में राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने संबंधित विभागों को लोक अदालत का आयोजन पूर्ण सामंजस्य के साथ संपादित करने के निर्देश प्रदान किए। मुख्य सचिव ने कहा कि लोक अदालत में इस बार सर्वाधिक प्रकरणों का निस्तारण हो, जिससे आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जो प्रकरण परिभाषित है, उनका वर्गीकरण कर सूचीबद्ध किया जाए और निस्तारण किया जाए। बैठक में राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव आनंद कुमार, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### हाउसिंग बोर्ड ने मानसरोवर में 20 करोड़ की भूमि को कब्जा मुक्त करवाया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा के निर्देश पर हाउसिंग बोर्ड के कार्मिकों ने मानसरोवर के कावेरी पथ सेक्टर-1 स्थित 1836 वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त करवाया। अरोड़ा ने बताया कि इस भूमि पर विगत 40 वर्षों से खातेदार ने कब्जा कर रखा था और करीब 500 वर्ग गज भूमि पर निर्माण भी करा रखा था। पुलिस एवं जेसीबी के सहयोग से इस भूमि को अतिऱ मण मुक्त करवाने और निर्माण को ध्वस्त करवाने की कार्यवाही की गई। वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ नियोजित इस भूमि की वर्तमान कीमत मण्डल की आरक्षित दर पर करीब 20 करोड़ रूपये है। आवासन आयुक्त ने बताया कि इस भूमि पर उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2018 से स्थगन आदेश दिया हुआ था। फरवरी, 2022 में स्थगन आदेश हटा दिया गया था। इसके पश्चात मण्डल ने कब्जा हटाने की कार्यवाई की।

### पशुपालन विभाग में 600 नए पद मंजूर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने पशुपालन विभाग में 600 नए पद सृजन को मंजूरी प्रदान की है। पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि प्रदेश की पशु चिकित्सा को मजबूती देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नवीन पशु चिकित्सा उपकेन्द्र खोलने की बजट घोषणा की थी। बजट घोषणा क्रियान्वित के तहत सरकार ने 300 नवीन पशु चिकित्सा उपकेन्द्रों के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है।

## पायलट सहित 18 समर्थक विधायकों को हाईकोर्ट का नोटिस: स्पीकर के नोटिस को चुनौती वाला केस खारिज करने पर 25 मई को सुनवाई

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सचिन पायलट खेमे की बगावत के वक्त विधानसभा स्पीकर के नोटिस को विधायकों द्वारा चुनौती देने वाली याचिका का मामला एक बार फिर जिंदा हो गया है। जो दलबदल कानून के तहत जारी किया गया था। हाईकोर्ट ने सचिन पायलट सहित उनके समर्थक 18 विधायकों को नोटिस जारी कर 25 मई तक जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई 25 मई को होगी। पीआर मीणा वर्सेज विधानसभा स्पीकर केस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ये नोटिस जारी किए हैं।

# नरेगा में मैट की भूमिका निभाएंगी महिलाएं -मीना




**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेशचंद मीना के डूंगरपुर प्रस्थान के दौरान उदयपुर जिले के खेरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों द्वारा साफा, माला, उपरना आदि पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और अब महिलाएं नरेगा में मैट की भूमिका निभाएंगी। राज्य सरकार की ओर से रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने डूंगरपुर और खेरवाड़ा के जरूरतमंद लोगों को पूर्ण रोजगार दिलाने का आश्वासन दिया, जिससे रोजगार के लिए पलायन रुके। महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश की उदयपुर यात्रा के दौरान बाल कल्याण समिति सदस्य राजीव मेघवाल द्वारा मंत्री भूपेश बाल विकास के क्षेत्र से जुड़ी सभी स्वयंसेवी संस्थाओं का भेंटवार्ता कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ शैलेंद्र पंड्या, बाल अधिकारिता विभाग की आयुक्त एवं शासन सचिव अनुप्रेरणा सिंह व अतिरिक्त निदेशक रीना शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक चेतना भाटी, बाल कल्याण समिति के सदस्य जिगनेश दवे, सुरेश शर्मा, शिल्पा मेहता एवं समस्त बालक एवं बालिका गृह के अधीक्षक उपस्थित रहे।







**ANCHOR** **बच्चों-अभिभावकों से मिले राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर और विधायक**

# यूक्रेन से लौटे बच्चों के भविष्य के प्रति संवेदनशील है गहलोत सरकार-श्रीवास्तव

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव ने कहा है कि यूक्रेन से लौटे बच्चों की पढ़ाई और उनके भविष्य के प्रति राजस्थान सरकार संवेदनशील है। सरकार प्रयास कर रही है कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित ना हो।

श्रीगंगानगर कलेक्ट्रेट सभागार में यूक्रेन से लौटे बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात के दौरान श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दो बार इस संबंध में केंद्र को पत्र लिखा जा चुका है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि बच्चों की पढ़ाई फिर से शुरू हो। इसके लिए सरकार सभी विकल्पों पर विचार कर रही है। कई देशों से बातचीत भी की जा रही है। इसी संदर्भ में माल्डोवा में सरकारी यूनिवर्सिटी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यूक्रेन जैसी पढ़ाई, पढ़ाई के खर्च, रहन-सहन सहित अन्य सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं। ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे बच्चे और अभिभावक इस विकल्प पर निर्णय करने के पश्चात जिला प्रशासन को अवगत करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यूक्रेन से लौटे बच्चों का यात्रा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया गया है। अगर कोई इससे वंचित है तो वह संपर्क कर यात्रा खर्च प्राप्त कर सकता है। बैठक में गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने यूक्रेन हालातों का जिक्र करते हुए दोहराया कि बच्चों को सुरक्षित वापस घर लाना राज्य सरकार की प्राथमिकता थी। सरकार की संवेदनशीलता की वजह से सभी बच्चे घर लौटे और अब राज्य सरकार प्रयास कर रही है कि बच्चों को पढ़ाई पूरी करके उनका डॉक्टर बनने का सपना पूरा हो सके। सादुलशहर विधायक जगदीश जांगिड़ ने कहा कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय केंद्र सरकार की ओर से लिया जाना है।

जिला कलक्टर रुक्मणि रियार सिहाग ने सरकार की ओर से पूर्व में किये गये और वर्तमान में जारी प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों की पढ़ाई शुरू करने के लिए राज्य सरकार हेल्पिंग हैंड की भूमिका में है। अभी माल्डोवा से विकल्प मिला है। अन्य देशों से भी बातचीत जारी है। इसी की जानकारी देने के लिये ही बच्चों और अभिभावकों को यहां बुलाया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सतर्कता कमला अलारिया सहित बड़ी संख्या में यूक्रेन से लौटे बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

# पंचांग





ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 27/04/2022**

**सूर्योदय** : 05:47 **सूर्यास्त** : 18:54 **चन्द्रोदय** : 03:55 **चन्द्रास्त** : 15:43 **शक सम्वत** : 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना** : चैत्र **पूर्णिमांत** : वैशाख **सूर्य राशि** : मेष **चन्द्र राशि** : कुम्भ **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : द्वादशी, 24:27 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1944 शुभकृत् **चन्द्रमास वैशाख** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत** : 2078 प्रमादी

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : पूर्वभाद्रपदा, 16:59 तक
**योग** : इंद्र, 17:30 तक
**प्रथम करण** : कौवाला, 12:36 तक
**द्वितिय करण** : तैतिल, 24:27 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:17 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:39 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:31 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:41 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:54 पी एम से |
| अमृत काल | 09:02 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:57 पी एम से |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : केतु
कुंभी चक्र: कण्ठ

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:46 - 07:25 | उद्वेग : 0653 - 0815 |
| अमृत | : 07:25 - 09:03 | शुभ : 0815 - 09:36 |
| काल काल वेला | : 09:03 - 10:41 | अमृतः 09:36 - 10:58 |
| शुभ | : 10:41 - 12:20 | चर : 10:58 - 12:19 |
| रोग | : 12:20 - 01:58 | रोग : 12:19 - 01:41 |
| उद्वेग | : 01:58 - 03:37 | काल : 01:41 - 03:02 |
| चर | : 03:37 - 05:15 | लाभ : 03:02 - 04:24 |
| लाभ | : 05:15 - 06:53 | उद्वेग : 04:24 - 05:45 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज द्वादशी

### आज कौन सा कार्य करें

द्वादशी : यात्रादि को छोड़कर सभी धार्मिक शुभ कार्य किये जा सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

वैशाख, कृष्ण, द्वादशी, 2079 बुधवार, 27 अप्रेल - 3 मई, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
फालतू खर्च होगा। रोग परेशान कर सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें।

**कर्क** [हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**यात्रा,** नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता आनंद का संचार करेगी।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**राजकीय** सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**वाहन** मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल

# 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 25 मई से

**1.25 लाख स्टूडेंट्स होंगे परीक्षा में शामिल**

**एक पारी में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक होंगी परीक्षा**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। परीक्षाएं मई और जून में होंगी। टाइम टेबल के अनुसार 10वीं की परीक्षा 25 मई से लेकर 20 जून तक और 12वीं की परीक्षाएं 25 मई से 25 जून तक होंगी। परीक्षाएं एक पारी में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक होंगी। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के सचिव रतन सिंह यादव के अनुसार पूरे राज्य में कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा में करीब 1.25 लाख छात्र शामिल होंगे।

### 10वीं कक्षा का टाइमटेबल

25 मई- सिंधी
26 मई -राजस्थानी
27 मई -गणित
30 मई - डाटा एंट्रीकार्य
31 मई - मनोविज्ञान
1 जून - विज्ञान
3 जून -हिंदी
6 जून - व्यवसाय अध्ययन
7 जून-चित्रकला
8 जून -भारतीय संस्कृति और विरासत
9 जून - सामाजिक विज्ञान
13 जून - गृह विज्ञान
14 जून - अर्थशास्त्र
15 जून - अंग्रेजी
16 जून - संस्कृत
17 जून - पंजाबी
20 जून - उर्दू

### 12वीं कक्षा का टाइमटेबल

25 मई - हिंदी
26 मई- गृह विज्ञान
27 मई- चित्रकला सिद्धांत
30 मई- पर्यावरण विज्ञान
31 मई - समाज शास्त्र
1 जून- अंग्रेजी
3 जून - कम्प्यूटर विज्ञान
6 जून- भूगोल
7 जून- जीव विज्ञान
8 जून - डाटा एंट्रीकार्य सिद्धांत
9 जून- रसायन विज्ञान
13 जून - भौतिकी
14 जून- इतिहास
15 जून- व्यवसाय अध्ययन
16 जून- राजनीति विज्ञान
17 जून- मनोविज्ञान
20 जून- अर्थशास्त्र
21 जून- संस्कृत
22 जून- गणित
23 जून- उर्दू
24 जून- लेखाशास्त्र

पूनिया बोले-गहलोत राजस्थान के इतिहास में सबसे नाकाम मुख्यमंत्री

## दौसा गैंगरेप-हत्या मामले में बीजेपी ने 5 सदस्यीय कमेटी बनाई, राठौड़ बोले...

# राजस्थान बना रेपिस्तान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा है कि अशोक गहलोत राजस्थान के इतिहास में अब तक सबसे नाकाम मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। उनसे ना प्रदेश की कानून व्यवस्था सँभल पाई, ना बहन-बेटियों को सुरक्षा दे पाए, ना युवाओं को रोजगार दे पाए, ना किसानों की कर्ज माफी के वादे को पूरा कर पाए। सिर्फ एक ही काम में लगे रहे कि कैसे भी करके अपनी कुर्सी बची रहे। दौसा में अपने घर जा रही महिला को लिफ्ट देकर रास्ते में गैंगरेप और उसकी हत्या कर बस्सी थाना इलाके के कुएं में लाश फेंकने की घटना ने सियासी उबाल ले लिया है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष पूनियां ने मामले में पार्टी की 5 सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। कमेटी दौसा पहुंचकर फैक्चुअल रिपोर्ट तैयार कर उन्हें सौंपेगी। कमेटी में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व विधायक कन्हैयालाल मीणा, बीजेपी एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मुकेश गर्ग और प्रदेश पैनलिस्ट लक्ष्मीकांत भारद्वाज शामिल हैं।

### आखिर कैसे राज्य के मुखिया को चैन से नींद आती है ?

पूनिया ने बयान जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री जी अपनी जा रही कुर्सी बचाने की चिंता छोड़िए और बहन बेटियों की सुरक्षा और इज्जत बचाने का धर्म निभाइए। उन्होंने कहा अशोक गहलोत की ऐसी क्या मजबूरी है कि वह कानून का राज कायम नहीं कर पा रहे हैं। प्रदेश में ऐसा कोई भी दिन नहीं होता जब महिलाओं पर अत्याचार के मामले सामने नहीं आ रहे। बहन-बेटियों से आए दिन दरिंदगी की घटनाएं उजागर हो रही हैं। आखिर कैसे राज्य के मुखिया को चैन से नींद आ जाती है, यह समझ से परे है। कांग्रेस शासन में कोई भी सुरक्षित नहीं है, यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों को भी प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने दौसा गैंगरेप और हत्या के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा देने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।


Rajendra Rathore
@Rajendra4BJP
अत्यन्त शर्मनाक!
दौसा में महिला से गैंगरेप व हत्या की घटना गहलोत सरकार के माथे पर कलंक है। प्रतिदिन अखबारों में महिलाओं-बच्चियों से हैवानियत की खबरें आ रही हैं, इसके बावजूद CM @ashokgehlot51 जी बेबस व लाचार दिख रहे हैं। आपके शासन में शांतिप्रिय राजस्थान अब रेपिस्तान बन चुका है।

### शांतिप्रिय राजस्थान रेपिस्तान बन चुका

**बीजेपी** कमेटी में शामिल उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भी कहा दौसा में महिला से गैंगरेप और मर्डर की घटना बेहद शर्मनाक और गहलोत सरकार के माथे पर कलंक है। रोजाना अखबारों में महिलाओं-बच्चियों से हैवानियत की खबरें आ रही हैं, इसके बावजूद ष्टरूबेबस और लाचार दिख रहे हैं। राठौड़ ने कहा गहलोत के शासन में शांतिप्रिय राजस्थान अब रेपिस्तान बन चुका है। दौसा में महिला के साथ गैंगरेप और हत्या के बाद रोते-बिलखते परिवार वालों की चीख-पुकार के बावजूद भी अशोक गहलोत सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। इस घिनौनी घटना के दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए,ताकि उनके परिजनों को न्याय मिल सके।

### ये हुई है घटना

दौसा जिले में 32 साल की महिला को 23 अप्रैल को कार में लिफ्ट देकर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के बाद महिला की हत्या की और डेडबॉडी को कुएं में फेंक दिया।

## भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राजस्थान में आंदोलन करेगी 'आप'

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल को ज्ञापन दिया। पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा ने कहा- 'राजस्थान में जनता के साथ मिलकर 'आप' भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार को मजबूर करेगी। उन्होंने राज्यपाल से संविधानिक अधिकार के तहत प्रदेश सरकार के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की मांग रखी। मिश्रा ने भ्रष्टाचार का मुद्दा पब्लिक में ले जाने के लिए राज्यपाल से समर्थन मांगा। साथ ही उनसे सरकार पर लगातार नैतिक दबाव बनाने की गुजारिश की। मिश्रा ने राज्यपाल को भ्रष्टाचार पर सार्वजनिक मंच से दो टूक सच्चाई बताने और प्रदेश सरकार को नसीहत देते हुए चिंता जताने पर धन्यवाद भी दिया।

### भ्रष्टाचार मामले में देश में टॉप पर पहुंचा राजस्थान

विनय मिश्रा ने कहा राजस्थान भ्रष्टाचार के मामले में देश में टॉप पर पहुंच गया है। बेहद खतरनाक हालात हैं। ऊपर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भ्रष्ट अफसरों को नहीं रोक पाने का कारण देते हैं- 'क्योंकि वो सब अपने ही लोग हैं'। उन्होंने कहा राज्य सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह मिली हुई है। इस सरकार पर आप और ज्यादा नैतिक दबाव बनाएं। आप पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता में जाएगी। राजस्थान की जनता के भले के लिए आप पार्टी की मुहिम को आपके समर्थन की जरूरत है। मिश्रा ने उम्मीद जताई कि राज्यपाल की कोशिश से राजस्थान की जनता को भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी और आम आदमी पार्टी इसका टूल साबित होगी। मिश्रा ने अपने बयान में कहा राज्यपाल ने उनकी बात ध्यान से सुनी और आश्वासन दिया है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं। इसके लिए जो भी हो सकता है वह जरूर करेंगे।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में तीस अप्रैल तक जोड़े जा सकेंगे नाम

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में तीस अप्रैल तक पात्र परिवारों के नाम जोड़े जा सकेंगे। खाद्य सचिव आशुतोष एटी पेडणेकर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गत चार अप्रैल से राज्य में खाद्य सुरक्षा सूची में उपलब्ध स्लॉट को भरने के लिये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए पोर्टल खोला गया है। यह पोर्टल 30 अप्रैल को मध्यरात्रि के पश्चात पुनः आगामी आदेश तक बंद हो जायेगा।

# जागरूक खबरें

## जयपुर के प्रदीप को मिलेगा नेल्सन मंडेला नोबेल पीस अवार्ड



**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आदर्श मानते वाले और 5 विश्व रिकॉर्ड धारक व 10 अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कराटे पुस्तक के लेखक प्रदीप कुमार यादव को 28 अप्रैल को मुंबई में नेल्सन मंडेला नोबल पीस अवार्ड और मानद डॉक्टरेट की उपाधि (ऑनोरिस कॉसा) से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें कराटे ओलंपिक आयोजित करने वाले वर्ल्ड कराटे फेडरेशन, स्पेन से कराटे में ब्लैक बेल्ट 3 डॉन से सम्मानित किया गया है। यादव को कराटे सीखने और पढ़ाने का 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

## शास्त्री-आचार्य के लिए ऑनलाइन आवेदन 4 मई तक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की शास्त्री और आचार्य परीक्षा 2022 के लिए 4 मई तक ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ.कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि शास्त्री और आचार्य के नियमित, पूर्व और स्वयंपाठी छात्र 4 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ 11 मई और परीक्षा शुल्क के बराबर शुल्क के साथ 17 मई तक आवेदन किए जा सकेंगे।

## 61.48 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी एपीआरओ भर्ती परीक्षा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से रविवार को आयोजित की गई सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती परीक्षा 2021 में परीक्षार्थियों की उपस्थिति तकरीबन 61.48 फीसदी रही। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला मुख्यालय जयपुर के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। इस प्रतियोगी परीक्षा में कुल 6 हजार 98 अभ्यर्थियों को पंजीकृत किया गया था जिसमें से परीक्षार्थियों की उपस्थिति लगभग 61.48 प्रतिशत रही। परीक्षा के दौरान कई परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण स्वयं बोर्ड के अध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा और सदस्यों ने किया। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। शर्मा ने परीक्षा आयोजन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

## पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के छात्रों की फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के बीबीए और बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्रों की सायोनारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के प्रो.प्रेसिडेंट ,नोज गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समारोह की मुख्य अतिथि मिसेज इंडिया रही श्वेता मेहता मोदी थी। इस अवसर पर रजिस्ट्रार चांदनी कृपलानी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. बबिता जैन, प्रज्ञा मिश्रा और मुक्तक व्यास ने छात्रों को शुभकामना देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। मुख्य अतिथि श्वेता मेहता मोदी ने अपने अनुभव सुनाते हुए छात्रों से आत्मविश्वास, साहस, धैर्य और कठिन परिश्रम के साथ जीवन में आगे बढ़ते रहने को कहा। बीबीए की हेड डॉ. मोनिका ओझा खत्री ने बेस्ट स्टूडेंट का अवॉर्ड भव्य बोहरा को दिया। समारोह में अतिथियों ने छात्रों को उनकी विभिन्न शैक्षिक और अन्य उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया।

## एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर ने पुरस्कार के प्रस्ताव किए आमंत्रित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर स्थित सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज ने शेरे काश्मीर शेख मोहम्मद अब्दुल्ला मेमोरियल ओरेशन वर्ष-2021 और डॉ. फारुख अब्दुल्ला ओरेशन पुरस्कार वर्ष-2021 के लिए आवदेन आमंत्रित किए हैं, दोनों ही पुरस्कार के लिए विश्व या अखिल भारतीय स्तर के विशिष्ट ख्याति प्राप्त चिकित्सक अथवा वैज्ञानिक होना जरूरी है। आवदेन के लिए राज्य के किसी भी मेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष या इकाई प्रमुख को मनोनीत व्यक्ति का जीवन वृतांत व पुरस्कार योग्यता का विस्तृत विवरण प्रस्तावित करना होगा।

आरआरईसी-हाउसिंग बोर्ड की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

# आवासन मण्डल अपनी योजनाओं को एनर्जी एफिशियेन्ट बनाएगा-आवासन आयुक्त

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल अपनी निर्माणाधीन एवं भावी योजनाओं को एनर्जी एफिशियेन्सी मोड़ पर विकसित करेगा। आवासन आयुक्त श्री पवन अरोड़ा ने इस संबंध में संबंधित अभियन्ताओं को निर्देश दिये हैं। अरोड़ा राजस्थान आवासन मंडल तथा राजस्थान रिन्यूबल एनर्जी कॉर्पोरेशन (आरआरईसी) की ओर से आवासन मण्डल में ऊर्जा दक्षता विषय पर मण्डल के अभियन्ताओं की दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। आवासन आयुक्त ने कहा कि कुशल डिजाइन एवं बेहतर प्रबंधन से एनर्जी एफिशियेन्ट भवन बनाये जा सकते हैं। जिससे कि ऊर्जा की खपत को लगभग 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की बढती जरूरतों को देखते हुए हमें एनर्जी सेविंग मोड पर जोर देना होगा।

आवासन आयुक्त ने अभियन्ताओं को इसके लिये ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशियेन्सी (बीईई) की ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (एनर्जी कन्जरवेशन बिल्डिंग कोड) का विस्तृत अध्ययन करने के निर्देश दिये और कहा कि आवासन मण्डल मुख्यालय भवन को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशियेन्सी से स्टार रेटेड करवाया जाए। उन्होंने कहा कि मण्डल के द्वारा वर्तमान में निर्माणाधीन विधायक आवास परियोजना के साथ अन्य महत्वपूर्ण बहुमंजिला आवासीय योजनाओं को ग्रीन बिल्डिंग कन्सेप्ट के अनुरूप बनाया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान राजस्थान रिन्यूबल एनर्जी कॉर्पोरेशन के विशेषज्ञों, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशियेन्सी के मास्टर ट्रेनर आशु गुप्ता तथा बीईई के कन्सलटेन्स प्रोजेक्ट् आर्किटेक्ट आदित्य सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर कुनाल जगदाले एवं रविशंकर त्रिवेदी ने वाणिज्यिक भवनों के लिये ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता एवं आवासीय भवनों के लिये इको निवास संहिता के प्रावधानों पर चर्चा की।

इस अवसर पर आवासन मण्डल के तकनीकी सलाहकार एम. एल. गुप्ता, आवासीय अभियन्ता विनोद शर्मा, मन्त्री राम बडगुर्जर, आवासीय अभियन्ता (रेरा) उमेश कुमार गोयल सहित अन्य अभियन्ता उपस्थित थे।

## एमएचएस स्कूल ने मनाई सिल्वर जुबली



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** एमएचएस स्कूल की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर स्कूल ने सिल्वर जुबली कार्यक्रम आयोजित किया। जयसिंहपुरा खोर अजमेर रोड पर पिक्चर बॉक्स में आयोजित कार्यक्रम में डॉ प्रदीप शर्मा, रेवती रमन, मैडम सूर्य कला भंडारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अचल जैन, अमित चाडक, महेश सालड़ा, पवन मालपानी, अतुल खटोड़ और दिनेश कासट का पूरा सहयोग रहा। इस अवसर पर ओसवाल सोप ग्रुप और रोहित अग्रवाल की ओर से गिफ्ट वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल 1996 में स्कूल की स्थापना की गई थी।


ANCHOR | गहलोत के मंत्री ने पीके पर साधा निशाना : सुभाष गर्ग ने लिखा

# नेतृत्व को सर्विस प्रोवाइडर-व्यापारी नहीं चाणक्य की जरूरत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रशांत किशोर की कांग्रेस और सहयोगी दलों में एंट्री और उनके फार्मूले पर सुधार करने से पहले ही सवाल उठने लगे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नजदीकी तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग ने नाम लिए बिना प्रशांत किशोर पर निशाना साधा है। सुभाष गर्ग ने आज सुबह ट्वीट किया- किसी संगठन को मज़बूत व ताकतवर केवल नेतृत्व व कार्यकर्ता ही बना सकते हैं। कोई सलाहकार व सर्विस प्रोवाइडर नहीं। नेतृत्व को चाणक्य की जरूरत है न कि व्यापारी की। गर्ग के इस ट्वीट को प्रशांत किशोर पर हमला माना जा रहा है।

सुभाष गर्ग से जब इस ट्वीट पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मायने निकालने के लिए लोग स्वतंत्र हैं। गर्ग ने पीके का नाम नहीं लिया। गर्ग के इस ट्वीट के बाद सियासी हलकों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सीएम खेमे के मंत्री गर्ग का सलाहकार, सेवा प्रदाता और व्यापारी जैसे शब्द इस्तेमाल करना सीधा प्रशांत किशोर की तरफ इशारा है, क्योंकि हाल के दिनों में राजस्थान में तो ऐसा कोई इशू आया नहीं है। यहां चाणक्य शब्द सीएम अशोक गहलोत के लिए इस्तेमाल किया गया है।


Dr. Subhash Garg
@drsubhashg
किसी संगठन को मज़बूत व ताकतवर केवल नेतृत्व व कार्यकर्ता ही बना सकते हैं ,कोई सलाहकार व सेवा प्रदाता नहीं ।नेतृत्व को चाणक्य की ज़रूरत है न कि व्यापारी की ।
Translate Tweet
8:00 · 26 Apr 22 · Twitter for iPhone

### गर्ग का ट्वीट टेस्ट फायर?

सुभाष गर्ग आरएलडी कोटे से गहलोत सरकार में मंत्री हैं। वे लंबे समय से सीएम से जुड़े हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सीएम खेमे का कोई मंत्री इशारों में बिना किसी सियासी मकसद के ट्वीट नहीं करेगा। जानकार इसे चिंतन शिविर से पहले टेस्ट फायर के तौर पर मान रहे हैं। कांग्रेस में कई वरिष्ठ नेता प्रशांत किशोर के फार्मूले से लेकर उन्हें बड़ी भूमिका दिए जाने से सहमत नहीं है। गर्ग के इस ट्वीट को उन्हीं नेताओं की तरफ से टेस्ट फायर के तौर पर देखा जा रहा है।

### विवाद होने पर सफाई की गुंजाइश छोड़ी, इसलिए नाम नहीं लिया

सुभाष गर्ग आरएलडी कोटे से मंत्री हैं, इसलिए कांग्रेस के अनुशासन से बंधे नहीं है। गर्ग ने डिप्लोमेटिक तरीके से बिना नाम लिए हमला बोला है, इसलिए विवाद होने पर यह कहने का रास्ता भी बचता है कि उन्होंने किसी और के लिए यह कहा है। यह पहला मौका नहीं है, जब इशारों में सियासी हमला बोला गया हो। इससे पहले कई नेता इसी तकनीक के जरिए सियासी करंट नापते रहे हैं।

### गहलोत ने कहा था- पीके का बस नाम बड़ा हो गया

20 अप्रैल को सीएम गहलोत ने दिल्ली दौरे के समय प्रशांत किशोर को प्रोफेशनल सलाहकार बताया था। सोनिया गांधी से मिलने से पहले गहलोत ने दिल्ली में प्रशांत किशोर की कांग्रेस में भूमिका को लेकर पूछे सवाल पर कहा था कि पीके 2014 के अंदर पार्लियामेंट में मोदी जी के साथ थे, फिर वो नीतीश जी के साथ गए, फिर वो पंजाब में कांग्रेस के साथ गए। ये तो एक प्रोफेशनल काम है। हम लोग भी लगातार ऐसी एजेंसियों या एक्सपर्ट्स से राय लेते रहते हैं। पीके का बस नाम बड़ा हो गया तो वो चर्चा में आ गया। इतना मैं मानता हूं। कई एजेंसियां और भी हैं। उनसे भी संपर्क होते रहते हैं।

### गर्ग के ट्वीट पर कई यूजर्स ने किए तल्ख कमेंट

- सुभाष गर्ग के ट्वीट के बाद कई यूजर्स ने उन पर तीखे कमेंट किए हैं तो कुछ ने उनके पक्ष में राय दी है। विर म सिंह राजपुरोति ने लिखा- आप अपनी पार्टी की देखो। अशोक गहलोत की कृपा से मंत्री बन गए हो वो ही काफी है। जब हाईकमान एक्शन लेगा तब आप पूर्व मंत्री हो जाओगे।
- कैलाश शर्मा ने लिखा- शत प्रतिशत सच कहा, सहमत सर। कांग्रेस के संदर्भ में देखें, तो सेवा प्रदाता, सलाहकार कांग्रेस के लिए निष्ठावान नहीं हैं। निष्ठा व समर्पण तो बूथ लेवल के वर्कर और पार्टी की मजबूत विचारधारा वाले नेतृत्व में होती है।
- रमेश सारण ने लिखा- आप किस हक से कह सकते हो। आप कांग्रेस सरकार मे मलाई खा रहे हो, कभी अपनी पोस्ट में हाथ का लोगो भी लगाया क्या? कांग्रेस सरकार है तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हित का भी ख्याल रखो माननीय।
- राजूसिंह राजपूत ने कमेंट किया- मतलब पीके व्यापारी की जरूरत नहीं है आपको।

## जागरूक खबरें

### लायंस क्लब की रीजन कॉन्फ्रेंस आयोजित




**जयपुर @ जागरूक जनता।** द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ़ लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट 3233 E-1 के रीजन लगुना का रीजन कॉन्फ्रेंस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रांत पाल सुनील गोयल, पीडीजी अशोक ठाकुर, विष्णु गोयल, अंजना जैन, प्रभा सिंह, जे पी भारतीय, पुर्व प्रांतपाल, ज़ोन चेयरपर्सन व कई प्रमुख हस्तियां शामिल रही कार्यक्रम का होस्टक्लब जयपुर क्लब रहा। पूरे कार्यक्रम में पूरे वर्ष किए गए कार्यों के आधार पर लायंस क्लब को अलग-अलग कैटेगरी के पुरस्कार दिए गए रीजन चेयरपर्सन राजेंद्र सिंह मदान ने सभी आए हुएअतिथियों का अभिनंदन किया वह समस्त क्लब का आभार व्यक्त किया। रिजल्ट सेक्रेटरी पवन अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सभी क्लब ने वहां पर अपने क्लब का बैनर प्रस्तुतिकरण भी दिया।

### दीन को दीनबंधु दीनानाथ मानकर करें सेवा

**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** गुढागौड़जी के सागर विला में लोक सेवा ज्ञान मंदिर की मासिक बैठक ट्रस्ट प्रभारी दिनेश सांखला की अध्यक्षता में आयोजित हुई । इसमें अध्यक्ष सांखला ने कहा इस ट्रस्ट के सभी सदस्यों को दीनबंधु को दीनानाथ मान कर सेवा करनी चाहिए। क्षेत्रों में लगने वाले दिव्यांग कैंपों में दिव्यांगों को अधिकाधिक लाभ मिलने के बारे में गहन चर्चा की गई । गर्मी में परींदों को लिए अधिक से अधिक परिंडे लगाने को कहा। ट्रस्ट उपाध्यक्ष हरिराम ने विगत माह में किए गए कार्यो के बारे में बताया । बैठक में ट्रस्ट सह प्रभारी तनु सांखला, कपिल शर्मा, सिमरन दायमा, अल्ताभ शेख, कर्मवीर, हरिराम सैन व मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा आदि थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से मिलेगी निजात

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** कांग्रेस प्रवक्ता महेंद्र शर्मा में बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों की समस्या से निजात दिलाने के लिए राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं पदोन्नति प्राधिकरण बोर्ड के चेयरमैन राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत बिजली कटौती को लेकर पिछले 6 दिनों से लगातार राजस्थान के विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क करके वास्तविक स्थिति समझ कर राजस्थान के मुख्यमंत्री आदरणीय अशोक गहलोत से बिजली समस्या के बारे में अवगत करवाया एवँ बिजली कटौती में निजात दिलाने हेतु आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने अभी चल रहे शादियों के सीजन एवं धार्मिक कार्यक्रम के सीजन एवं ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पूरे राजस्थान में बिजली समस्या से निजात दिलाने के लिए राजस्थान के लिए 1000 मेगा वाट की बिजली खरीदने का फैसला लिया,जिससे पूरे राजस्थान में बिजली कटौती की समस्या से निजात मिलेगी। केंद्र सरकार द्वारा राज्य को जितना कोयला मिलना चाहिए उतना कोयला नहीं मिल पा रहा है बिजली की कम आपूर्ति की समस्या सिर्फ राजस्थान की ही नहीं संपूर्ण देश के 12 राज्यों की है। अधिकारियों से अभी जानकारी मिली है कि आज से ही ग्रामीण इलाकों विद्युत आपूर्ति समय पर होगी एवं बिजली कटौती से निजात मिलेगी।

### श्री विकिर्मा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 6 को

**सीकर @ जागरूक जनता।** भगवान श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आगामी 6 मई को सीकर जिले के डाबला गांव में जांगिड़ समाज द्वारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम 2 मई से प्रारंभ होकर 6 मई तक चलेगा, जिसमें मूर्ति पूजन, भजन संध्या, कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना, अतिथि सभा एवं सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में 6 मई को विशाल भंडारा किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे। महामंडलेश्वर सिद्धेश्वरी गुरु मां के सानिध्य में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य अतिथि रामपाल शर्मा जांगिड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष जांगिड़ समाज नई दिल्ली, रवि शंकर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, जगदीश प्रसाद जांगिड़ विधायक सादुल शहर, प्रेम सिंह बाजोर पूर्व मंत्री एवं विधायक एवं गायत्री राठौर जिला प्रमुख सीकर होंगे। इनके अतिरिक्त बड़ी संख्या में जांगिड़ समाज के सदस्य एवं आमजन भाग लेंगे।

### स्वामी विवेकानन्द युवा संस्थान ने गांधीनगर और सर्किट हाउस में बांधे परिन्डे



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु स्वामी विवेकानन्द युवा संस्थान परिन्डे बांधकर जीवदया पर ध्यान दे रहा है। संस्थान के मंत्री पुरण सिंह राणा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिन्डे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत गांधीनगर स्थित बाघलेश्वर महादेव मंदिर परिसर एवं सर्किट हाउस में परिन्डे बांध नियमित जल भरने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के अध्यक्ष प्रवीण सिंह राठौड़, जिला संयोजक किशन गुर्जर, कोषाध्यक्ष रवि विराणी, सर्किट हाउस के मैनेजर निरंजन शर्मा, विशाल गर्ग, पार्षद शिव शर्मा, रेणु मिश्रा, रामनरेश गाडरी, पुनित शुक्ला, कुलदीप शर्मा, संदीप शर्मा, सोनु गुर्जर, अरमान त्रिपाठी, मिहिर बाघमार, जमना लाल गाडरी, रवि सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शर्मा ने किया पौधरोपण



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा ने निवारू रोड स्थित उद्योग नगर जागृति मार्ग पर पृथ्वी दिवस के मौके पर पौध रोपण किया। इस अवसर पर पर शीला शर्मा, नंदिता, भव्या, निशा, मनीषा, पूनम, सपना, सुमन उपस्थित थी। शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रकृति को प्रदूषण से बचाना है हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है। हमें सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग छोड़ना होगा।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 30 अप्रेल तक जोड़े जा सकेंगे नाम - खाद्य सचिव

**जयपुर @ जागरूक जनता।** खाद्य सचिव आशुतोष एटी पेडणेकर ने बताया कि 4 अप्रेल, 2022 से राज्य में खाद्य सुरक्षा सूची में उपलब्ध स्लॉट को भरने के लिये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने हेतु पोर्टल खोला गया है। यह पोर्टल 30 अप्रेल, 2022 को मध्यरात्रि के पश्चात पुनः आगामी आदेश तक बंद हो जायेगा। खाद्य सचिव ने बताया कि राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2 अक्टूबर 2013 से लागू किया गया था। अधिनियम के प्रावधानों के तहत पात्र परिवारों का चयन राज्य द्वारा किया जाता है। राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अधिसूचित मापदण्डों के अनुरूप पात्र परिवारों का चयन 32 समावेशन श्रेणियों एवं 7 निष्कासन श्रेणियों के मापदण्डों के आधार पर अपीलीय प्रक्रिया द्वारा किया जाता है।

## श्याम धणी इण्डस्ट्रीज का 'श्याम बंधन 2020-21 रिटेलर लकी ड्रा' डबल धमाका

# श्याम मसाला राजस्थान का नम्बर वन ब्राण्ड-अग्रवाल





### पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, आसाम, बंगाल और उत्तराखंड के साथ-साथ 24 देशों में ब्राण्ड बन चुका है श्याम मसाला

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्याम धणी इण्डस्ट्रीज का रिटेलर लकी ड्रा खोला गया, जिसमे विजेताओं के नामों की घोषणा की गई। इस अवसर पर राजस्थान खाद्य व्यापार संघ के अध्यक्ष बाबू लाल गुप्ता, श्याम धणी इण्डस्ट्रीज के संस्थापक गिरधारी लाल एवं कंपनी के निदेशक राम अवतार अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम में राज्यभर से बड़ी संख्या में रिटेलर एजेंट्स ने भी भाग लिया । सीकर रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में श्याम धणी इण्डस्ट्रीजप्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राम अवतार अग्रवाल ने बताया कि आज के कार्यक्रम में पधारे हुए सभी व्यापारी बन्धुओ का श्याम परिवार की ओर से हार्दीक अभिनन्दन औरस्वागत करता हूँ। आप सभी व्यापारी बन्धुओ के सहयोग से समय-समय पर श्याम धनी इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा व्यापारीक स्नेह मिलन सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है । इस बार 2020-21 की स्कीम का आयोजन लम्बे समय के बाद हो रहा है। पहले 9 जनवरी 2022 को निश्चित किया गया था लेकिन कोरोना की महामारी को देखते हुए राज्य सरकार के दिशा निर्देशों व सुझाव को मानते हुए 9 जनवरी का कार्यक्रम स्थगित किया गया जो आज हो रहा है। आज के इस व्यापारीक सम्मेलन में आयोजक कम्पनी की संक्षिप्त जानकार श्यामधणी इण्डस्ट्रीज के उद्देश्य एवं भावी योजना के बारे में बताना चाहता हूँ। कम्पनी की स्थापना उच्च गुणवत्ता वाले मसाले के उत्पादन हेतु की गई प्रारभ्म में कम्पनी के केवल मात्र 5 उत्पाद थे वर्तमान में कम्पनी द्वारा 300. उत्पादों का उत्पादन किया जाता है।

प्रारभ्म में तो राजस्थान में ही कम्पनी के उत्पाद बिक्री किए जाते थे। लेकिन वर्तमान में राजस्थान के अलावा कई राज्यों में जैसे पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, आसाम, बंगाल एव उत्तराखंड के साथ-साथ 24 देशों में भी शाम ब्राण्ड अपनी पहचान बना चुका है। धीरे-धीरे श्यामधणी इण्डस्ट्रीज ने अपने मार्केट के साईज को बढ़ाया है। बाजार की बढ़ती मांग को देखते हुए कम्पनी ने सन 2016 में एक अत्यधानिक प्लांट लगाया जो राजस्थान का सबसे बड़ा एवं भारत के श्रेष्ठ मसाला प्लांटों में एक है । कम्पनी द्वारा जो मसाले तैयार किए जाते हैं। वह अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणो द्वारा तैयार किए जाते हैं तथा स्वचालित मशीनों द्वारा उसकी पैकिंग भी की जाती है। जिसके मसालों के तत्व नष्ट नहीं होते है एवं गुणवत्ता बरकरार रहती है मसाले पूर्ण रूप से प्राकृत रहते है इनके खुशबू और स्वाद बना रहता है। कम्पनी के उत्पादन की उच्च गुणवत्ता को देखते हुए उसके बहुरास्ट्रीय कम्पनीयो ने श्यामधणी इण्डस्ट्रीज से अनुबन्ध किया है पिछले कई वर्षो से अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनीया खुदरा व्यवसाय एव थोक व्यवसाय में सक्रिय हुई है। जिसमे उच्च व मध्यम वर्ग के ग्राहकों द्वारा खरीद की जाती है जो वस्तुओ के मुल्य को अधिक महत्व नहीं देकर उत्पाद की गुणवत्ता को अधिक महत्व देते है। श्याम इण्डस्ट्रीज द्वारा इन सभी बहुराष्ट्रीय कम्पनियो में अपने श्याम व श्रीनाथ ब्राण्ड के सभी उत्पादक बिक्री किये जा रहे है।

मेरा सभी सहयोगी व्यापारीयों से यह कहना है की आप उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद ही बिक्री करें। आज की मार्केट पोजीशन को देखते हुए उच्च गुणवंता वाले उत्पाद बेचना बहुत जरूरी है।

जहां तक उच्च गुणवंता की बात है तो पिछले दिनों राज्य सरकार द्वारा शुद्ध के लिए युद्ध का अभियान चलाया गया। उसमें आपके साथ बैठे कुछ व्यापारी बन्धुओं से श्याम ब्राण्ड मसाले के सैम्पल लिए गए अपने सभी के लिए गर्व की बात है की सभी सैम्पल अपनी शुद्धता पर खरे उतरे हैं। मैं आप सब से वादा करता हूँ की भविष्य में भी श्याम ब्राण्ड की शुद्धता पर किसी प्रकार की कमी नहीं आने दूंगा। श्याम धणी इण्डस्ट्रीज की शुरुवात भी इसी सकारात्मक सोच के साथ हुई थी जिसकी हम पूरी प्रतिबदता से पालन कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। और इसी का परिणाम है कि आज श्याम मसाला राजस्थान का नम्बर वन ब्राण्ड है।

मैं पुनः सभी व्यापारी बन्धुओ से वादा करता हूँ कि मेरी ओर से सहयोग में कमी नहीं आने दूंगा वर्तमान में कम्पनी का 10 बिक्री हैंगर का जो प्रोडक्ट है उसकी कॉस्टिंग आज कम्पनी को 130 रूपए प्रति हेंगरआ रही है उसे भी मैं 100 में व्यापारियों को उपलब्ध करवा रहा हूँ। इसमें व्यापारियों से भी आशा करता हूँ। कि पूरा सहयोग करें और आपका अधिकार है की आप अपने अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर से रूपए 100/- प्रति हेंगर में खरीद करे। मैं यहाँ पधारे हुए सभी व्यापारिक




बंधूओ को धन्यवाद देता हूँ, मीडिया कर्मी को भी धन्यवाद देता हूँ। सहयोग करने के लिए एवं मंचासीन अथितियो का भी धन्यवाद । आपने कार्यक्रम में पधारकर हम सभी को आशीर्वाद दिया एवं हमारी टेक्निकल टीम, कम्पनी की सेल्स टीम, मॉडर्न ट्रेड की सेल्स टीम, हमारी कम्पनी की एकाउंट्स टीम, इवेन्ट टीम एवं भोजन प्रसादी बनाने वाली केटर्स टीम एवं कम्पनी की समस्त टीम का भी धन्यवाद करता हूँ। अतः मैं श्यामधणी इण्डस्ट्रीज की विकास यात्रा में आप सब को पूर्ण सहयोग व प्रेम हमें भविष्य में भी मिलता रहेगा इसी आशा और विश्वास के साथ में अपनी वाणी को विराम देता हूँ। और पुनः आपका हार्दिक आभार व धन्यवाद करता हूँ।

### लक्की ड्रा में 40 लाख के ईनाम

लकी ड्रा में लगभग 40 लाख रूपए के इनाम रखे गए है। जिसमे प्लेटिनियम, गोल्ड, सिल्वर एवं स्टार के कूपन शामिल है। इसी प्रकार प्लेटिनियम, गोल्ड ड्रा, सिल्वर ड्रा में चार रॉयल एनफील्ड मोटर साइकिल, 6 एक्टिवा, गोल्ड कॉइन, सिल्वर कॉइन, फ्रीज, सीलिंग फेन, मिक्सर ग्राइंडर सहित विभिन्न इनाम रखे गए है। इस वर्ष व्यापारिक हित में टारगेट बंधन स्कीम के साथ आकर्षक लकी ड्रा में सिल्वर, गोल्ड, एवं प्लेटिनियम श्रेणी के अनुसार एक साथ तीन भागो में लकी ड्रा का शानदार आयोजन किया गया। ड्रा में 10 कूपन से 30 कूपन तक सिल्वर श्रेणी, 40 कूपन से 120 कूपन तक गोल्ड श्रेणी, 140 कूपन से 400 कूपन तक प्लेटिनियम श्रेणी के ड्रा खोले गए। इस अवसर पर रिटेलरों ने अपने कार्य की प्रगति के बारे में नए नए सुझाव दिए और अपने कार्यक्रमें आने वाली बाधाओं के बारे में भी व्यवस्था से विचार - विमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में श्याम धणी के व्यवस्थापक प्रदीप पारीक ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ह्यपित किया । तीन ड्रा केटेगरी (सिल्वर, गोल्ड, प्लैटिनम) में इनामो की घोषणा हुई । पहले स्थान पर रहने वाले वाले












को रॉयल एनफील्ड बाइक, दूसरे स्थान पर रहने वाले को हौंडा एक्टिवा सकुटी और तीसरे स्थान पर रहने वाले को चार ग्राम सोने का सिक्का आदि इनाम देने की घोषणा थी ।

- सिल्वर ड्रा के अंतर्गत पहले स्थान का इनाम जीतने वालेः- 1. पवन प्रजापत - सुजानगढ़ 2. श्योजी राम दूदू जयपुर
- दूसरे स्थान का इनाम जीतने वालेः- 1.जसोल सीमेंट एजेंसी पचोड़ी 2.सुखराम किराना स्टोर कुचेरा 3. कैलाश शर्मा धनकोली
- तीसरे स्थान का इनाम जीतने वालेः- 1. अग्रवाल प्रोविशनल स्टोर कोटा 2. देवरा किराना स्टोर बस स्टैंड जायल 3. देविका किराना स्टोर कुचेरा
- गोल्ड ड्रा के अंतर्गत पहले स्थान का इनाम जीतने वालेः- 1. सुभाष किराना स्टोर खरवा ब्यावर
- दूसरे स्थान का इनाम जीतने वालेः- 1. अशोक मलारना लालसोट 2. गौरी शंकर किराना मारोठ
- तीसरे स्थान का इनाम जीतने वालेः- 1. श्याम ट्रेडर्स सीकर 2. राकेश कुमार महेश कुमार पोखरण 3. शर्मा किराना स्टोर डीडवाना
- प्लैटिनम ड्रा के अंतर्गत पहले स्थान का इनाम जीतने वालेः- 1. सीमा एजेंसी ब्यावर
- दूसरे स्थान का इनाम जीतने वालेः- 1. मानक चंद रवि कांत जैन कुचामन सिटी
- तीसरे स्थान का इनाम जीतने वालेः- 1. अग्रवाल स्टोर बोरावड़ 2. शुभम कुमार चौधरी बीदासर।

## मसाला बुवाई पर एक नजर

कार्यक्रम के दौरान इण्डस्ट्रीज के निदेशक राम अवतार अग्रवाल ने बताया कि देश में इस वर्ष हल्दी क्रॉप 2021 के मुकाबले 2022 मे 30 से 35 प्रतिशत कम है। वहीं सौंफ की क्रॉप 2021 के मुकाबले 2022 मे 20 से 22 प्रतिशत कम रही। लाल मिर्च की क्रॉप पिछले वर्ष के मुकाबले 50 प्रतिशत है। दिसंबर, जनवरी की बारिश से क्रॉप डैमेज हुई है एवं एक ऐसा रोग कीट पतंग लगा। जिसकी दवाई इंडिया में उपलब्ध नहीं थी। इस वजह से मिर्च के पौधे की ग्रोथ रुक गई और उत्पादन डैमेज मिर्च का हुआ। पिछले वर्ष कर्नाटक मंडी में अप्रैल माह में पहुंच 2,70,000 सोमवार को आती थी। इस वर्ष अप्रैल में 12000 बोरी हुई, पिछले वर्ष अप्रैल माह में लाल मिर्च का पूरे भारत का स्टॉक 2.70 करोड़ बोरी थी इस वर्ष अप्रैल माह का स्टॉक 1.15 करोड़ है। सोंठ उत्पादन बंपर है। हरी इलायची उत्पादन भी बहुत अच्छा है यह दोनो आइटम की रेट पूरी इंडिया में सबसे कम है। बांग्लादेश की मिर्च की क्रॉप अच्छी है इसलिए बांग्लादेश पिछले वर्ष के मुकाबले एक्सपोर्ट कुछ कम है । चाइना में लाल मिर्च की क्रॉप काफी कम है और नई क्रॉप अगस्त माह में आती है। चाइना को हमारे यहां की तेज मिर्च इम्पोर्ट करनी पड़ती है। चाइना में तेज मिर्च की खपत बहुत अधिक है। भारत से लाल मिर्च चाइना, मलेशिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, मैक्सिको, यू ऐस ए, जर्मनी, गल्फ कन्ट्रीज, अफ्रीकन कंट्रीज मिला कर 144 देशों में निर्यात किया जाती है। पिछले वर्ष भारत में 27000 करोड़ का एक्सपोर्ट हुआ है जो की पूरी इंडिया के टोटल एक्सपोर्ट का 31 प्रतिशत है। गत वर्ष छः लाख टन लाल मिर्च चाइना को निर्यात किया गया जिसकी अनुमानित राशि 8400 करोड़ रुपए है। अभी भी हमारे लाल मिर्च की प्राइस मार्किट पोजीशन के अनुसार कम कर रखी है अभी प्राइस 15-20 रूपए और बढ़ने चाहिए। धनिये की प्राइस भी करंट मार्किट पोजीशन के अनुसार अभी 10 रूपए कम है, यह 10-15 रूपए मई माह में बढ़ा दी जाएगी। धनिया की राजस्थान क्रॉप 35 से 40 प्रतिशत है पिछले वर्ष धनिया की बिजाई 102-130 हैक्टयर में हुई थी इस वर्ष धनिया की बिजाई 34540 हेक्टर में हुई है । मैंने धनिया जीरा मिर्च हल्दी सेल के क्रॉप के डाटा की स्टडी की है एव विदेशों की इन्हीं आइटमो की क्रॉप ओल्ड स्टॉक की स्टडी की है जिनकी जानकारी आपको दे रहा हूं

**वर्ष-2021 से वर्ष 2022 की तुलना करे तो आकड़े निम्न प्रकार हैः-**

| वर्ष-2021 | वर्ष-2022 | |
|---|---|---|
| 1.धनिया की बिजाई राजस्थान =102 से 130 हेक्टर | 34540 हेक्टयर | 34 % |
| धनिया की बिजाई डच्=79380 हेक्टर | 52892 हेक्टयर | 66 % |
| धनिया की बिजाई गुजरात=136990 हेक्टर | 125171 हेक्टयर | 91 % |
| (कुल उत्पादन 98 लाख बोरी | 72 लाख बैग | |
| धनिया की टोटल खपत | 1.20 करोड़ बैग से 1.30 करोड बैग है | |

धनिया का उत्पादन भारत के अलावा रसिया, बुल्गेरिया, यूक्रेन में होता है। रसिया, यूक्रेन महायुद्ध की वजह से धनिया आयात होना संभव नहीं है एवं रसिया यूक्रेन के पास पुराना स्टॉक नहीं के बराबर है यहां की न्यू क्रॉप अगस्त में आती है।

| वर्ष 2021 | वर्ष 2022 | |
|---|---|---|
| जीरा बिजाई राज. = 770000 हेक्टयर | 507330 हेक्टेयर | 66 % |
| जीरा बिजाई गुजरात = 473800 हेक्टयर | 274298 हेक्टेयर | 58 % |
| टोटल उत्पादन = 87 लाख बोरी | 54.7 लाख बोरी | 40% कम है |

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta




संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### कोटपूतली निवासी बादल झरवाल की हिंदी फिल्म ऑक्सीजन दी आईकॉनिक ट्रुथ की रिलीज डेट हुई फाइनल



**जयपुर @ जागरूक जनता।** कोटपुतली निवासी फिल्म मेकर और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी बादल झरवाल की अपकमिंग हिंदी फिल्म ऑक्सीजन दी आईकॉनिक ट्रूथ की रिलीज डेट 20 मई अखिल भारतीय स्तर पर रिलीज होने के संदर्भ में फाइनल हो चुकी है। बादल की यह फिल्म आदिवासी मीणा जनजाति की ऐतिहासिक यादों पर एक लाजवाब दास्तान है और जिसमें बादल ने कोटपूतली तहसील निवासी कृष्ण राज पटेल, महेंद्र खटाना, शीशराम दायमा ,राकेश कुमार दायमा, अशोक पहलवान, वकील रंजीत वर्मा, को भी भूमिकाएं दी है। इस फिल्म की कहानी स्क्रीनप्ले संवाद और सभी गीत बादल झरवाल ने लिखे हैं और उन्होंने ही इस फिल्म में मुख्य अभिनेता की निभाते हुए इस फिल्म का निर्देशन भी किया है। गुर्जर समाज की विशिष्ट प्रतिभा निष्ठा डागुर इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में शानदार एंट्री ले चुकी है और अन्य कलाकारों में बॉलीवुड से धनंजय सिंह, हितेश धींगरा, राखी शुक्ला, सुभाष सेठ, सत्यनारायण टेलर, चंद्रभान सिंह, चंद्र कटारिया, दीपा चौधरी, पृथ्वी सिंह मांजू, मोहन शर्मा, पूरणमल पारीक (जवान भाई), रामचंद्र मीणा आदि भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म की संपूर्ण शूटिंग रंगीले राजस्थान कि खूबसूरत लोकेशंस पर की गई है। यह फिल्म इतनी शानदार बनी है कि बॉलीवुड की तरफ से साउथ की फिल्मों को बहुत जबरदस्त टक्कर देने वाली फिल्म बताई जा रही है। स्कूल में म्यूजिक डी सुशांत परमेश्वर लाल और शिखा मयंक ने दिया है। जबकि गीतों को स्वर दिए हैं राजेश बीसन, युवी सिंह, शिखा मयंक और बादल झरवाल ने। फिल्म के डीओपी बलजीत गोस्वामी और विकास सक्सेना रहे जबकि फिल्म की एडिटिंग अनामिका, गौरव जैन और प्रवेश सक्सेना ने की है। बैकग्राउंड म्यूजिक परमेश्वर लाल और संदीप सोनी ने मिल कर दिया है। फिल्म के मेकअप प्रशांत शर्मा और पंकज सेन रहे हैं जबकि हैमर ड्रेसर के रूप में ममता अग्रवाल और चेष्टा ने काम किया है।

### शांति और सद्भाव से मनाएं परशुराम जयंती व ईद का त्यौहार

**हिण्डौनसिटी @ जागरूक जनता।** उपखण्ड मुख्यालय पर पंचायत समिति सभागार में मंगलवार शाम शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें परशुराम जयंति और ईद का त्यौहार शांति एवं सद्भाव से मनाने तथा आखातीज पर होने वाले बाल विवाहों की रोकथाम में पुलिस-प्रशासन की मदद करने पर जोर दिया गया। बैठक में एसडीएम अनूप सिंह ने कहा कि हिण्डौन समेत जिलेभर में धारा 144 लगी हुई है। इसलिए परशुराम जयंती एवं ईद का त्यौहार घरों में रहकर ही मनाएं। उन्होंने कहा कि आखातीज के अबूझ सावे पर बाल विवाहों के आयोजनों को रोकने में शांति समिति सदस्य प्रशासन और पुलिस की मदद करें। जिससे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की पालना सुनिश्चित कराई जा सके।

जिला अस्पताल में समय से नहीं बैठते डॉक्टर, मरीज हो रहे परेशान

# पीपाड़ में राम भरोसे जिला अस्पताल!

## महीनों बीत जाने पर भी वर्तमान डॉक्टर और विभागों की सूची नहीं हुई अपडेट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जागरूक ग्राउंड रिपोर्ट

**पीपाड़ शहर @ मेहराम गहलोत।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दूसरे गृह नगर के रूप में जाने जाना वाला पीपाड़ शहर राजकीय जिला अस्पताल के हाल बदहाल है और यहां इलाज भगवान भरोसे है मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उद्घाटन किए भामाशाह की ओर से लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए आईसीयू वार्ड और सोनोग्राफी कक्ष के ताले ही नहीं खुले हैं।

इस जिला अस्पताल के बारे में ग्रामीणों और शहर वासियों ने बताया कि इस हॉस्पिटल से दूरदराज से आने वाले ग्रामीणों को कोई लाभ होता नहीं दिख रहा है, जबकि शहर की आबादी भी काफी है कुछ डॉक्टर का हर रोज निर्धारित समय पर नहीं आना सबसे बड़ी समस्या है मूलभूत सुविधाएं जिसमें मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत सोनोग्राफी, डिजिटल एक्सरे जैसी और भी सुविधा दुविधा बनी हुई है।

जिला अस्पताल में कई डॉक्टर निर्धारित समय पर नहीं आते हैं। जबकि ओपीडी में मरीज पहले आकर डॉक्टरों का इंतजार करते हैं। भीड़ होने पर धक्का-मुक्की के बीच मरीजों इलाज कराना पड़ता है। हर रोज अस्पताल में अक्सर भीड़ होती है, लेकिन कई डॉक्टर कक्ष में मौजूद नहीं रहते है। इतना ही नहीं बेहतर इलाज की उम्मीद में मरीज गांव के कोने-कोने से जिला अस्पताल आते हैं। यहां आते ही उनकी उम्मीदों पर पानी फिर जाता है। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में कई डॉक्टर अपने कक्ष में नहीं दिखे। जो डॉक्टर अपने कक्ष में मौजूद थे, वहां मरीजों की लंबी लाइन थी।

यहां 150 बेड का जिला अस्पताल बनाया गया लेकिन वह महज नाम का ही नजर आ रहा है. स्थानीय लोगो की मानें तो छोटी सी चोट के इलाज से लेकर सिजेरियन प्रसव तक यहां नहीं हो पाता है यहां डॉक्टरों की लिखी कई प्रकार दवाई भी नहीं मिलती है. लोगों को यहां से 70 किलोमीटर दूर जोधपुर का रुख इलाज के लिए करना पड़ता है. बारिश और रात के वक्त लोगों को परेशान होना पड़ता है। मरीजों ने बताया कि कुछ डॉक्टर रात्रि समय में अपनी मनमर्जी की मरीजों से फीस वसूलते हैं।

विशेष बात ये है कि राज्य में परिवार कल्याण क्षेत्र में विशिष्ठ कार्य के लिए कई बार पुरुस्कार मिलने के बाद भी अस्पताल की न दशा और न ही दिशा सुधर सकी।



ओपीडी में मरीजों की लगी भीड़।



डॉक्टर के अभाव में बंद पड़ी सोनोग्राफी मशीन।




### विधायक ने दी मशीन

**कोरोना** काल में मुख्यमंत्री के निर्देश पर नव क्रमोन्नत जिला अस्पताल में विधायक हीराराम मेघवाल ने सोनोग्राफी मशीन सहित अन्य संसाधनों के लिए अपने विधायक कोष से लाखों की राशि की सोनोग्राफी मशीन दी लेकिन फिर भी सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं हो सकी।

### मुख्यमंत्री ने किया था उदघाटन

**बड़ी** विडंबना है कि जिस अस्पताल में मुख्यमंत्री ने बीस साल पहले जिस सोनोग्राफी सुविधा का उद्घाटन किया उसका लाभ आज तक मरीजों को नहीं मिल सका है। जबकि तीसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पीपाड़ सिटी के राजकीय जिला अस्पताल को एक मॉडल हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने की सार्वजनिक मंशा जाहिर कर चुके हैं।

### उपकरण हुए खराब

**मुख्यमंत्री** के लोकार्पण के बाद भी स्वास्थ्य विभाग कभी एक सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं कर सका। इस दौरान कई चिकित्सक छह-छह माह का प्रशिक्षण भी ले चुके हैं, लेकिन सोनोग्राफी की सुविधा मरीजों को कभी नसीब नहीं हो सकी।वर्षों से गर्भवती महिलाएं हों या अन्य मरीज अस्पताल में कभी सोनोग्राफी नहीं करा सके। हमेशा बाहर निजी क्लीनिक में सोनोग्राफी करवाने को मजबूर रहे। वर्षों तक संचालन और रखरखाव नहीं होने से उनमें जंग लग गया और वो लाखों के उपकरण बेकार हो गए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा वर्ष 2020-21 में पीपाड सिटी स्थित राजकीय चिकित्सालय को जिला चिकित्सालय का दर्जा देने की घोषणा की थी।

### यह सुविधा देय होती है जिला अस्पताल में

जिला अस्पताल बनाने से अस्पताल में अब 150 बैड के साथ 21 चिकित्सक होंगे। जिसमें चार वरिष्ठ विशेषज्ञ,सात कनिष्ठ विशेषज्ञ,दो वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी,सात चिकित्सा अधिकारी व एक दन्त चिकित्सा अधिकारी होंगे। 37 पद नर्सिंग स्टाफ के होंगे। दो रेडियोग्राफर, चार लेब टेक्नीशियन, तीन क्लिनिकल अभिलेख सहायक के साथ कुल 97 का स्टाफ होगा। घोषणा के दौरान सीएमएचओ डॉ बलवंत मंडा ने बताया कि पीपाड़ में पहले 34 प्रकार की जांच होती थी अब 50 से अधिक प्रकार की जांच होगी। ब्लड बैंक के साथ हर छोटी-मोटी मोटी सर्जरी पीपाड़ में ही हो सकेगी।

**चतुर्थ** श्रेणी कर्मचारी और नर्सिंग स्टाफ समय पर आते हैं लेकिन डॉक्टरों का समय पर नहीं आना यह गंभीर विषय है में स्वयं पिछ्ले चार-पांच दिनों से अस्वस्थ चल रहा था अस्पताल गया, काफी डॉक्टर समय से लेट आते हैं समय पर नहीं आने वाले डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और प्रशासन के उच्च अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

- **सुरेश कच्छावाह,** समाजसेवी, राज ग्रुप पीपाड़ शहर

**डॉक्टरों** के लेट से आने की शिकायत मुख्यमंत्री तक लोगों ने की है, लेकिन आज तक व्यवस्था नहीं सुधरी भगवान भरोसे है अस्पताल है। मरीजों के इलाज के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

- **सी पी मारोटीया,** भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष, पीपाड़ शहर

**ओपीडी** तथा अस्पताल की पूरी चिकित्सा सेवा में रिक्त पदों के लिए मांग पत्र स्थानीय विधायक, स्वास्थ्य विभाग और मुख्यमंत्री को भेजा जा चुका है। साथ ही ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले चिकित्सको के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो इसके लिए चिकित्सा अधिकारी को अवगत करवाया है

- **सोहन लाल सांखला,** मनोनीत पार्षद पीपाड़ शहर

## 'दिल्ली मॉडल' पर राजस्थान में चुनाव लड़ेगी आप

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा ने चुनाव का बिगुल बजा दिया है। वहीं कांग्रेस भी जल्द चुनावी शंखनाद करेगी। इस बीच आम आदमी पार्टी ने राजस्थान में तीसरे विकल्प के तौर पर खुद को खड़ा करने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। आप पार्टी राजस्थान में दिल्ली मॉडल पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिए पार्टी ने आधार बनाना शुरू कर दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली जैसे मुद्दे लेकर पार्टी मैदान में उतरेगी। इसके लिए पार्टी जनता के बीच जा रही है। 24 अप्रेल से प्रदेश के सातों संभाग में कार्यकर्ता सवांद यात्रा की शुरुआत की गई है। भरतपुर से शुरू हुई यह संवाद यात्रा 2 मई को हनुमानगढ़ में संपन्न होगी।

### जनता से ले रहे है फीडबैक

इस यात्रा में आप पार्टी जनता से फीडबैक ले रही है। जनता से पूछा जा रहा है कि आखिर उन्हें सरकार से क्या चाहिए। इसी के आधार पर पार्टी आगे की रणनीति तय करेगी, ताकि जनता के मूड के अनुसार ही चुनाव मैदान में उतरा जाए। पार्टी को पंजाब की जीत के बाद राजस्थान में भी जीत की उम्मीद है।

### सातों संभाग में सदस्यता अभियान

संवाद यात्रा के साथ ही सातों संभाग में नए व पुराने कार्यकर्ताओं से मीटिंग कर सदस्यता अभियान व अन्य मुद्दों पर आगे की रणनीतिक चर्चा भी होगी। चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा सभी सातों संभागों में जाकर लोगों से मिलेंगी। सभी जगहों पर समन्वय के लिए टीमें भी बनाई गई है।

ANCHOR | जिला स्तरीय किसान मेला आयोजित

# व्यावसायिक फसलों के उत्पादन पर जोर देने की आवश्यकता है-तोमर



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक देश के किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती को अपनाने के संकल्प के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के तहत जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन कृषि विभाग सिरोही, आत्मा परियोजना सिरोही व कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरोही के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केन्द्र सिरोही परिसर पर आयोजित किया गया।

मेले में विभिन्न प्रकार की कृषक लाभकारी योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किये, जिनकी मदद से किसान समुदाय अपने सीमित संसाधनों के बावजूद आमदनी को बढ़ा सकें, इस क्रम में परंपरागत खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक कृषि के तौर तरिकों को अपनाना, समन्वित कृषि प्रणाली, व्यावसायिक फसलों के उत्पादन पर जोर देने की आवश्यकता है। साथ ही द्वितीयक कृषि के द्वारा मूल्य संवर्धन, मार्केटिंग, प्रस्संकरण, ब्रांडींग आदि की जरूरत है, ताकि किसानों की आय बढ़ सके। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, इसी क्रम में यह मेला भी किसानों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उक्त उदगार कंन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा वर्चुअल माध्यम से विभिन्न कृषि विज्ञान कंन्द्रों से जुडकर प्रगतिशील कृषकों से संवाद किया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने कं लिए हम सभी को मिलकर संयुक्त रूप से प्रयास करने है जिससे किसानों की आय दुगुनी हो सकें।

मेले में मुख्य अतिथि के रूप में सिरोही जिले के क्षेत्रीय विधायक एवं मुख्यमंत्री सलाहकार संयम लोढा रहे जिनके द्वारा किसानों कों संबोधित करते हुए जिले में किसानों के द्वारा किये जा रहे नवाचारों की प्रशंसा करते हुए सभी किसानों को नई तकनीक अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। इससे पूर्व में विधायक द्वारा मेले में लगी हुई विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन करते हुए बारिकी से जानकारी प्राप्त की एवं कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों तक नवीन तकनीक का प्रचार-प्रसार हो ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को फायदा मिल सकं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित द्वारा की गयी। पुरोहित द्वारा सिरोही जिले में जैविक खेती के प्रोत्साहन हेतु सरकार द्वारा चलायी गयी विभिन्न योजनाओं का लाभ लेते हुए जिले में जैविक खेती को बढावा देने हेतु आहवान किया। कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के अतिरिक्त प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र कुमार ने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किये जा रहे कार्यो कं साथ-साथ बीज उत्पादन कं बारे में बताते हुए विश्वविद्यालय द्वारा विकसित एमपीएमएच- बाजरे कि, मूंग, मोठ, ग्वार, ईसबगोल आदि की उन्नत किस्मों कं बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इससे किसानों को लाभ प्राप्त हो सकं।

उपनिदेशक कृषि विस्तार संजय तनेजा द्वारा किसानों को अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया ताकि किसानों को अपनी आय दुगुनी करने में मदद मिले। जिले में किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा करानें का आव्हान् किया परियोजना निदेशक आत्मा श्री पुरूषोत्तम लाल भट्ट द्वारा किसानों को अधिक से अधिक वैज्ञानिक तकनीकों के द्वारा उत्पादन बढ़ाने हेतु प्रेरित किया तथा विभाग द्वारा किये जा रहे अनुसंधानों नवीन तकनीकों, कं बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि इनका ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करं।

साथ ही इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित पदमा मीणा सदस्य जिला परिषद, दिलीप सिंह मडानी सदस्य जिला परिषद, किरण राजपुरोहित, सदस्य जिला परिषद्, जिला किसान संघ अध्यक्ष मावा राम चैधरी के साथ लगभग एक हजार से अधिक किसानों ने भाग लिया। साथ ही किसानों की विभिन्न समस्याओं का निदान भी किया। इस अवसर पर मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन, खुदरा उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण पुस्तिका तथा जिला मौसम इकाई फोलडर का विमोचन किया गया, 13 उत्कृष्ट किसानों को आत्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व कृषि विज्ञान केन्द्र गुड़ामालानी के प्रभारी प्रो. डॉ. महेन्द्र सिंह चांदावत ने सभी का स्वागत करते हुए केन्द्र कं द्वारा कृषक हितार्थ किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला एवं भविष्य में कंन्द्र पर किये जाने वाले कार्यो की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ हीर सिंह राठौड सहायक निदेशक कृषि विस्तार, डॉ हेमराज मीणा, सहायक निदेशक उद्यान, डॉ रविन्द्र प्रताप सिंह जैतावत विषय विशेषज्ञ, डॉ आभा पाराशर, विषय विशेषज्ञ ने संबंधित कृषि तकनीकि एवं योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ आभा पाराशर द्वारा किया गया।

मेले के अंतर्गत कृषकों द्वारा खेती में नवाचार को अपनाने के लिए केन्द्र पर ड्रॉन, ब्रूम स्प्रेयर, सोलर पम्प, अजोला इकाई वर्मी कम्पोस्ट इकाई, जीवामृत, वेस्ट डीकम्पोजर, महिन्द्रा ट्रेक्टर्स, सींजेन्टा कम्पनी आदि द्वारा प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया । कृषकों के मनोरंजन हेतु नुक्कड नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ का मंचन किया गया जो आकर्षण का केन्द्र रहा। अन्त में सभी किसानों एवं प्रतिभागी कम्पनियों आदि को कृषि विभाग द्वारा धन्यवाद अर्पित किया गया।



## जागरूक खबरें

### राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन प्रकृति वरदान साहित्यिक महोत्सव आयोजित।



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा प्रकृति के महत्व तथा उपयोगिता का अहसास लोगों को करवाने के उद्देश्य से ऑनलाइन 'प्रकृति वरदान साहित्यिक महोत्सव' का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'प्रकृति का महत्व' रखा गया। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया। जिन्होंने दिए गए विषय पर आधारित एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट रचनाओं को प्रस्तुत कर ऑनलाइन 'प्रकृति वरदान साहित्यिक महोत्सव' की शोभा में चार चाँद लगा दिए और महोत्सव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन 'पुनीत प्रकृति स्नेही' सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार जी ने प्रकृति को ईश्वर का अनुपम वरदान तथा मानव जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए सभी मनुष्यों को प्रकृति की देखभाल करने की प्रेरणा दी और महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन किया और सम्मान पाने वाले सभी प्रतिभागी रचनाकारों को उज्ज्वल साहित्यिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने रचनाकारों को आने वाले ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सवों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सादर आमंत्रित भी किया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम कुसुम अशोक सुराणा, चंचल जैन, उर्वशी उपाध्याय प्रेरणा, ज्योति चौधरी, स्मिता चौहान, सीमा रानी प्रधान, सावित्री मिश्रा, सुनीता सोलंकी 'मीना', सुभाष सेमल्टी 'विपी' रचनाकारों के रहे।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन



**गाजियादबाद @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा द्वारा अजंता कंपाउंड इंडस्ट्रियल एरिया मोहन नगर, गाज़ियाबाद में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द अरोड़ा द्वारा जानकारी दी गई कि 31 जुलाई को प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. यह सम्मेलन राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। जिसमे 1000 रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने का संकल्प लिया है। इसमें भाग लेने वाले युवक एवम युवतियां से रजिस्ट्रेशन फीस नहीं ली जाएगी यह बिल्कुल निःशुल्क रहेगा। इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से हम भारत के सभी प्रदेशों में जाएंगे सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी बंधुओं को एकजुट करने का प्रयास करेंगे। यह सम्मेलन का आयोजन गाजियाबाद में किया जाएगा। इस मीटिंग में मध्यप्रदेश से आए राष्ट्रीय संगठन मंत्री लोकेश मल्होत्रा, राजस्थान से आए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राजस्थान प्रभारी शेखर इछपुल्याणी (बीकानेर) हीरा लाल खत्री (जोधपुर, राजस्थान), राकेश अरोड़ा (दिल्ली प्रभारी), अनूप सूद (गुड़गांव, हरियाणा), अन्नू पाहवा ,पूजा अरोड़ा, विनीता अरोड़ा, पंकज अरोड़ा, आर के मलोहत्रा, विशाल बत्रा, निमित सहगल आदि मौजूद रहे।

### प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ. पृथ्वीराज ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख शासन सचिव डॉ. पृथ्वीराज ने जिला चिकित्सालय, चित्तौड़गढ़ का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय के विभिन्न प्रभावों को देखा और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। जिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओ.पी.डी. ब्लॉक, एक्स-रे विभाग, सी.टी. स्कैन यूनिट तथा ब्लड बैंक एवं ब्लड सेपरेशन यूनिट, लेब आदि की कार्य व्यवस्था को बारीकी से देखा तथा स्वयं का ब्लड ग्रुप टेस्ट करवाकर व्यवस्था का पूर्ण जायजा लिया। पीएमओ डॉ. दिनेश वैष्णव ने चिकित्सालय में हो रहे विभिन्न कार्य एवं आगामी प्लान से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने डायलेसिस यूनिट, सर्जिकल एवं मेडिकल वार्ड तथा आई.सी.यू., शिशु रोग विभाग के एस.एन.सी.यू. इत्यादि का निरीक्षण कर फिड बैंक लिया। साथ ही राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल से लागू निःशुल्क, ओपीडी एवं आईपीडी तथा मुख्यमंत्री निःशुल्क योजना एवं मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का लाभ सभी मरीजों को मिले इसके लिए चिकित्सकों को पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के निर्देश दिए। पश्चात् प्रिन्सीपल मेडिकल कॉलेज के साथ नवीन मेडिकल कॉलेज का निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार स्वामी, सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर सहित अन्य मौजूद रहे।

### 23 छात्रों का चयन

**सिरोही @ जागरूक जनता।** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीसी मीणा ने बताया कि सुबरोस लि. अहमदाबा द्वारा संस्थान से उत्तीर्ण एंव तृतीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रों के इलैक्ट्रिकल ब्रांच के विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में वर्चुअल कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 23 छात्रों का चयन हुआ। इस केम्प के आयोजन में वरिष्ठ प्रवक्ता बाबूलाल सिंगारिया एवं आर्टिस्ट प्रवक्ता ज्ञानवर्धन का विशेष योगदान रहा।

### एक मुश्त समझौता योजना अब 30 जून, 22 तक काश्तकार उठा सकेंगे फायदा

**सिरोही @ जागरूक जनता।** सहकारी भूमि विकास बैंक लि. की ओर से बैंक के बकायादारों के लिए एकमुश्त समझौता योजना लागू की गई है। सचिव नारायणसिंह चारण ने बताया कि योजना में पात्र ऋणी सदस्य जिनकी तरफ 1 जुलाई 2021 को अवधिपार बकाया राशि है। उन्हें नियमानुसार अवधिपार ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज, वसूली व्यय 50 प्रतिशत की राहत प्रदान की जाएगी। सिरोही सहकारी विकास बैंक लि. के सचिव ने बताया कि मृतक ऋणी काश्तकारों के मामले में अवधिपार खाते बकाया मूलधन के अतिरिक्त अवधिपार ब्याज, चालू ब्याज दर ब्याज एवं वसूली व्यय की राहत प्रदान की जाएगी। संयुक्त ऋणियों के मामलों में किसी एक या अधिक ऋणियों की मृत्यु होने की स्थिति में कुल ऋण राशि में से मृतक ऋणी के हिस्से के अनुसार राहत दी जाएगी। ऐसे मामलों में उनके वारिसान एवं अन्य ऋणियों द्वारा योजनानुसार समझौता राशि एकमुश्त जमा करवाए जाने के बाद ही होगी यह योजना 30 जून 2022 तक लागू रहेगी।

---

**पूनिया-राठौड़ बोले-प्रदेश सरकार मंदिर तोड़ने की दोषी**

# राजगढ़ एसडीएम, नगरपालिका ईओ-चेयरमैन हुए सस्पेंड, कहा-जनता समझ चुकी किसके इशारे पर मंदिर टूटा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया और राजेन्द्र राठौड़ ने गहलोत सरकार को मंदिर तोड़ने का दोषी बताया है। पूनिया ने ट्वीट कर कहा सत्य पराजित नहीं होता। अपने अफसरों की गलती छुपाने के लिए बीजेपी के बोर्ड पर आरोप लगाने वाली राजस्थान कांग्रेस सरकार आखिरकार अफसरों को दोषी मानकर उन पर कार्रवाई कर रही है। अपनी अनैतिक सोच का अफसरों से इम्प्लीमेंटेशन कराने वालों जनता सब देख-समझ रही है कि किसके इशारे पर मंदिर टूटा। बीजेपी ने अलवर के राजगढ़ में तीन मंदिरों और मकान-दुकानों को तोड़ने के मामले में SDM केशव मीणा, नगरपालिका EO बनवारी लाल मीणा और नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया को सस्पेंड करने पर एक बार फिर गहलोत सरकार को निशाने पर लिया है।

### बीती रात सरकार ने गिराई गाज

**बीती** रात गहलोत सरकार ने अलवर के राजगढ़ में अतिक्रमण हटाने के दौरान मंदिर तोड़ने के विवाद में राजगढ़ SDM, नगर पालिका EO और नगर पालिका चेयरमैन को सस्पेंड किया है। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बीजेपी के नगर पालिका बोर्ड के चेयरमैन को भी सस्पेंड किया गया है। साथ ही कलेक्टर-एसपी ने आम लोगों से मुलाकात कर बातचीत की है। बेघर लोगों को फिर से बसाने और सर्वे कराकर मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। सोमवार को व्यक्ति से गाली-गलौच करने पर आम लोगों में गुस्सा बढ़ गया था। इसके बाद रात को सरकार ने तीनों जिम्मेदारों को सस्पेंड किया है। जिन्हें लेकर स्थानीय जनता में गुस्सा है।

### मंदिर तोड़ने की दोषी राज्य सरकार ही थी-राठौड़

**बीजेपी** के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भी ट्वीट कर कहा है कि अलवर में 300 साल पुराना शिव मंदिर तोड़ने को लेकर भाजपा नगरपालिका बोर्ड पर बिना फैक्ट्स और आधार के आरोप लगाने वाली गहलोत सरकार की ओर से अब राजगढ़ SDM पर कार्रवाई करना सबूत है कि मंदिर तोड़ने की दोषी राज्य सरकार ही थी। धार्मिक उन्माद फैलाने वाली कांग्रेस की सच्चाई जनता समझ चुकी है।

---

**मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नरेश पुरी को कलेक्टर ने दिया धन्यवाद**

# करौली कलेक्टर को 8 कंप्यूटर व 5 प्रिंटर भेंट

### जनहित कार्य में आएंगे काम

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**मेहंदीपुर बालाजी।** मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट ने करौली जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह को 8 कंप्यूटर एवं पांच प्रिंटर भेंट किए हैं। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह के द्वारा मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नरेशपुरी महाराज से जनहित में कार्य के लिए करौली कलेक्ट्रेट के लिए कंप्यूटर एवं प्रिंटरों की मांग की थी। जिससे आमजन के कार्य संचालन मे सुविधा होगी। जिस पर महंत नरेशपुरी महाराज ने मंदिर ट्रस्ट सचिव एमके माथुर को करौली जिला कलेक्टर कार्यालय में 8 कंप्यूटर एवं पांच प्रिंटर भेंट करने के निर्देश दिए थे। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नरेश पुरी का करौली जिला कलेक्टर ने धन्यवाद दिया।




### जरूरतमंदों की मदद को हमेशा आगे मंदिर ट्रस्ट

मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से सरकार, प्रशासन, गरीब एवं जरूरतमंदों की मदद के लिए सराहनीय कार्य करता रहा है। मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट द्वारा बाढ़, भूकंप, कोरोना महामारी जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार को लाखों रुपए की आर्थिक मदद देकर सहायता की जाती रही है। इसके साथ-साथ स्थानीय प्रशासन को कोरोना काल में आर्थिक सहायता दी गई और गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए महीनों तक भोजन आदि की व्यवस्था निःशुल्क की गई थी। मंदिर ट्रस्ट द्वारा पिछले कई वर्षों से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क शिक्षा एवं रहने खाने की व्यवस्था भी पूर्णतयाः निःशुल्क की जा रही है। ट्रस्ट द्वारा प्रवेशिका से लेकर कॉलेज शिक्षा तक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था पिछले कई वर्षों से की जा रही है। वहीं मंदिर ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चिकित्सा के लिए मेहंदीपुर बालाजी में अस्पताल भी बनाया गया है। वहीं दौसा एवं करौली जिले के विभिन्न स्कूलों में भवन निर्माण एवं विद्यालय विकास के लिए लाखों रुपए की धनराशि भेंट स्वरूप मंदिर ट्रस्ट द्वारा दी गई है।

---

# समाज हित में कार्य करने वालों को प्रोत्साहन देना समाज की उन्नति का मंत्र हैं-नागोरी



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बेंगलूरु।** अखिल भारतीय ओसवाल परिषद द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम हनुमंतनगर स्थित पन्नालाल चोरड़िया जैन भवन में संपन्न हुआ। इसमें जैन समाज की अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं गणमान्य जन भी सम्मिलित हुए। 'मातृछाया' जैन महिला संगठन द्वारा पंच परमेष्ठी वंदना के पश्चात परिषद के चेयरमैन रायचंद खटेड़, राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक नागोरी, उपाध्यक्ष गौतमचंद नाहर, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के अध्यक्ष कल्याणसिंह बुरड़, तेरापंथ प्रोफेशनल फॉरम के मुख्य न्यासी माणिकचंद बलदोटा, आचार्य रामेश सुवर्ण दीक्षा जयंती महत्तम महोत्सव के राष्ट्रीय संयोजक किशोरकुमार कर्नावट मंचासीन हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक नागोरी ने स्वागत भाषण देते हुए जैन एकता एवं समाजसेवी गुणानुवाद-अभिनंदन के सुन्दर आयामों का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि छोटी छोटी बातों में कभी नहीं उलझना और समाज हित में कार्य करने वालों को प्रोत्साहन देना, ये दो मंत्र हैं समाज की उन्नति के। राष्ट्र एवं समाज हित के लिए हम सबको मिलजुलकर एक दूसरे का उत्साह बढ़ाते हुए कार्य करना और सेवा कार्य करने वालों को हर तरह से प्रोत्साहित करना आवश्यक है और परिषद उसके लिए कृत संकल्प है। परिषद के संस्थापक चेयरमैन रायचंद खटेड़ ने वक्तव्य में अखिल भारतीय ओसवाल परिषद द्वारा समग्र जैन समाज की एकता के लिए प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए कहा कि ओसवाल परिषद जैन समाज के सभी संप्रदायों की संस्था है और बिना किसी सांप्रदायिक भेदभाव के उपलब्धियों के आधार पर व्यक्तियों, संस्थाओं एवं धर्म गुरुओं का सम्मान निरंतर करते रहेगी। तेरापंथ प्रोफेशनल फॉरम के मुख्य न्यासी माणिकचंदजी बलदोटा ने परिषद के जैन एकता को सुदृढ़ बनाने के लक्ष्य की सराहना की। मंचासीन श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, हनुमंतनगर के अध्यक्ष कल्याणसिंह बुरड़ एवं महत्तम महोत्सव केराष्ट्रीय संयोजक किशोरकुमार कर्नावट ने ओसवाल परिषद के विभिन्न आयामों पर संतोष व्यक्त किया। विश्व प्राणी कल्याण मंडल के संस्थापक दयानंद स्वामी ने हिंसा मुक्त, पशु बलि मुक्त, मांस निर्यात मुक्त सशक्त राष्ट्र निर्माण की आवश्यकता एवं इस हेतु भगीरथ कार्य करने की आवश्यकता बताई। 'हम' जैन समाज सेवी संगठन की संस्थापिका मंजु लुंकड़ ने परिवार सशक्तिकरण, भक्तामर हीलिंग के विद्वान जैविन जैन ने सम्यक् श्रद्धा के महत्त्व, विश्व प्राणी कल्याण मंडल के मार्गदर्शक उत्तमचंद छाजेड़ ने अहिंसा एवं जीवदया की सर्वोपरिता के संबंध में विचार व्यक्त किए।

सभा में परिषद की सदस्य निर्देशिका प्रकाशित करने की तैयारियों एवं अखिल भारतीय स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित करने, देशभर के सभी बड़े नगरों शाखाओं के गठन करने का कार्य प्रारंभ करने की योजना की जानकारी दी गई। इसके साथ ही परिषद को सुदृढ़ करने हेतु अन्य विषयों पर भी विचार विमर्श आमंत्रित किए गए। समारोह की सुचारू व्यवस्था में सह मंत्री द्वय महेशजी चौधरी, विजयसिंह भूतोड़िया कार्यकारिणी सदस्य नोरतनमल चोरड़िया, ताराचंद मेहता, ज्ञानचंद मेहता का सुंदर सहयोग रहा। उपाध्यक्ष गौतमचंद नाहर ने प्रायोजक अशोककुमार, दर्शनकुमार, लवेश नागोरी परिवार का स्नेह मिलन के सुन्दर आयोजन हेतु आभार प्रकट किया। विश्व प्राणी कल्याण मंडल के मार्गदर्शक उत्तमचंद छाजेड़ द्वारा मांगलिक पाठ के द्वारा सभा का समापन हुआ। महामंत्री डॉ विजयकुमार सुराणा ने बताया कि कार्यक्रम में अग्रणी समाजसेवी नारी रत्न शकुंतलादेवी छाजेड़, रत्न हितेषी श्रावक संघ के अध्यक्ष पदमराज मेहता, धीर के संस्थापक धीरेन्द्र जैन, समाज के गणमान्य दिनेशकुमार पगारिया, पारसमल लूणिया, जसवंतकुमार मांडोत, ईटा जैन संघ के उपाध्यक्ष रमेश दक, बसवनगुडी संघ के मनोहर सेठिया, नगरथपेट संघ के चंदनमल बालर, अखिल भारतीय जैन अल्प संख्यक महासंघ के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष गौतमचंद धारीवाल, साधुमार्गी जैन संघ के कोषाध्यक्ष सुनील नन्दावत, पार्क वेस्ट जैन संघ के विजयराज गांधी, ईटा वासुपूज्य जैन संघ के अध्यक्ष पृथ्वीराज मेहता, मेवाड़ पेलेस के ट्रस्टी मूलचंद पोरवाड़, जैन युवा संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष रूपचंद कुमट, पूर्व मंत्री दिनेश खिंवसरा, कुलदीप नंदावत, महावीरचंद चोपड़ा, महेन्द्रकुमार लूणिया महावीरचंद पगारिया, लालचंद बोहरा, मातृछाया की मार्गदर्शिका त्रिशला कोठारी, समाजसेवी रेणु रांका आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

---

# जेनेटिकल बीमारी अनुवांशिक बीमारी एक ज्योतिषीय विश्लेषण-शुक्ला

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अनुवांशिक बीमारी पीढ़ियों से परिवार में चली आ रही होती है ,जिनमे से बहुतो के इलाज होते है बहुतो के नहीं हो पाते। तक़रीबन 200 कुंडलियों के विश्लेषण से मैंने ये निष्कर्ष निकला है की,जो इलाज मेडिकल में उपलब्ध नहीं वो ग्रहीय उपायों से कम किये जा सकते है या हो ही न ऐसे उपाय होते है जो मैंने मेरे कई क्लायंट्स को दिए है और कारगर भी साबित हुए है। क्यों काम हुए या बीमारी हुयी ही नहीं ये ज्योतिष अध्ययन द्वारा पहले से जाना जाता है। जिसके कारण अगर वो बीमारी कोई भी परहेज़ पहले से किया जाये वो चिझोसे दूर रहा जाय। तो ऐसे क्या योग है कोनसे ग्रह है या कोनसे ग्रह की महादशा या गोचर है ये जानकर फलित किया जाता है एवं उपाय भी दिए् जाते ह। तो आइये कुछ ज्योतिषीय रिसर्च मेरा आप को बताना चाहूंगी मै ज्योतिष विशारद सोनल शुक्ला मेरे कुछ पॉइंट्स यहाँ रख रही हु।



### ग्रहो की एनाटॉमी जानते है पहले

» **सूर्य** : हृदय रोग,या हड्डियों की बीमारिया।
» **चंद्र** : डिप्रेसन ,मानसिक बीमारी,बॉडी का जितने लिकविद है उससे सम्बंधित एवं स्त्रीओ के मासिकस्राव से सम्बंधित जितनी समस्या जिसके कारन संतान से जुडी समस्या होती है।
» **मंगल** : रक्त सम्बन्धी ,गुस्सा करने से होनेवाली बीमारी, सर्जरी, मांसपेशियों से जुडी बीमार।
» **बुध** : स्किन से जुडी बीमारी दांतो की समस्या, त्वचा के पिगमेंट्स जुड़े सभी रोग,
» **बृहस्पति** : स्टमक, पेट, बॉडीफेट,मोटापा, शुगर
» **शुक्र** : शुगर ,गुप्तांगो के सभी रोग, स्पर्म की समस्या, हार्मोनल
» **शनि** : बॉडी की पूरी नर्वस सिस्टम ,वंशानुगत बीमारी, शनि के साथ अन्य ग्रहो के मिलने स।
» **राहु** : सभीप्रकार के कैंसर,अन्य ग्रहो से जुड़के अलग अलग बॉडी पार्ट्स के कैंसर।
» केतु; जितनी भी सर्जरी एक्सीडेंट्स अचानक लास्ट स्टेज पे होनेवाली सभी बीमारिया।

### अब हम कुंडली के भावो से बॉडी के पार्ट्स को जानेंगे।

» प्रथम भाव : हेड
» द्वितीय भाव : फेस
» तृतीय भावः आर्म्स
» चतुर्थ भाव : हार्ट ,चेस्ट,
» पंचम भाव पेट के अंदरूनी हिस्से
» षष्टम भाव : कमर एवं पेट निचे वाला हिस्सा
» सप्तम भावः गरोइन्स
» अस्थम भाव : परसनल पार्ट्स
» नवम भाव : दोनों थाई
» दशम भाव : दोनों निस
» एकादश भाव : दोनों काफ
» द्वादश भाव : दोनों फ़ीट

जो बॉडी पार्ट्स अच्छे ग्रहो से जुड़े होंगे तो वो पार्ट अच्छा रहेगा बुरे ग्रहो के प्रभाव से जुड़े होंगे तो बीमारी होगी ही होगी। कोई भी ग्रह जब शनि राहु केतु मंगल से जुड़ेंगे तब तब और वो जुड़े हुए ग्रहो की महादशा में ये अशुभ ग्रह की जब अन्तर्दशा चलेगी और गोचर में जातक की चंद्र की डिग्री से 2 या तीन डिग्री के आसपास ग्रह जिस भी भाव से गोचर करेंगे तब वो समय या महीने में बीमारी आएगी।

उपाय पे नज़र करे। जितनी अनुवांशिक बीमारिया होती है वे सूर्य चंद्र को बुरी असर देने वाले ग्रहो से पता चलती है जैसे पितृ दोष, मातृ दोष एटीसी। सबसे पहले अनुवांशिक बीमारी के लिए पितृ शांति कराये, दूसरा कुलदेवता के जो भी रीन हो वे परम्परा अनुसार पूजा करे। तीसरा देवी कवच या नारायण कवच का पथ करे। बाकि कोई भी अच्छे ज्योतिष की सलाह अनुसार आपकी कुंडली के हिसाब से उपाय करे।

---

**ANCHOR** | **कीमतें बढने़ के कारण स्पिनिंग मिलें नहीं**

# प्राकृकि आपदा से दुनिया भर में कपास का उत्पादन कम, दाम हुए दोगुने

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**भीलवाड़ा।** इस साल प्राकृतिक आपदा और कीट के प्रकोप के चलते दुनिया भर में कपास का उत्पादन कम हुआ है। दो साल बाद कोरोना का असर कम होने से विदेशों में कपास के साथ सूती धागे की मांग बढने़ से इनके दाम में जबरदस्त तेजी आ गई है। कपास का भाव पिछले साल के मुकाबले दोगुना है, वहीं सूती धागे की कीमतों में खासी बढ़ोतरी हो गई है। कपास का भाव पिछले साल साढ़े पांच हजार से 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल था, जो इस बार बढ़कर 12 हजार रुपए क्विंटल तक पहुंच गया है। पहले सूती धागा 180 से 190 रुपए प्रति किलोग्राम मिल रहा था, वह अब 230 से 280 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। सूती धागे के साथ अन्य कई तरह के धागे में भी तेजी बनी हुई है। ऐसे में सभी तरह के कपड़ों की कीमतों में बढ़ोतरी हो गया है।

विशेषज्ञों के मुताबिक इस बार प्राकृतिक आपदा और कीट के प्रकोप के कारण भारत, अमरीका समेत दुनिया के कई देशों में कपास की फसलों को बहुत नुकसान हुआ। इस कारण इसका उत्पादन प्रभावित हुआ। ऐसे में कपास के भाव पिछले साल के मुकाबले दोगुने हो गए। सूती मिलों को पिछले साल 45 से 55 हजार में एक खण्डी कपास मिल जाता था, अब वह 95 हजार से 1 लाख दस हजार रुपए में मिल रहा है। ऐसे में सूती धागा तैयार करने वाली मिलों में इसकी लागत भी काफी बढ़ गई है।



### यहां होता है कपास का उत्पादन

राजस्थान में सबसे ज्यादा कपास का उत्पादन भीलवाड़ा, अलवर, जोधपुर, पाली, श्रीगंगानर और हनुमानगढ़ में होता है। राजस्थान के अलावा हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में भी कपास की पैदावार होती है। देश में सबसे ज्यादा कपास महाराष्ट्र में होता है, लेकिन पिछले साल अतिवृष्टि के कारण महाराष्ट्र और पंजाब में कपास की फसल को नुकसान हुआ। राजस्थान में इस बार 27 से 28 लाख गांठ कपास का उत्पादन हुआ है। एक गांठ में 170 किलो कपास आती है।

### भीलवाड़ा से 23 सौ करोड़ का निर्यात

भीलवाड़ा में आधा दर्जन औद्योगिक इकाइयां सूती धागे का उत्पादन कर रही है। इन मिलों में हर साल दो से ढाई लाख टन सूती धागे का उत्पादन होता है। इन सभी इकाइयों से करीब 23 सौ करोड़ रुपए के धागे का विदेशों में निर्यात हो रहा है। उद्यमियों के अनुसार भारत से दुनिया के तीन दर्जन से ज्यादा देशों में कॉटन और सूती धागे का निर्यात बढ़ा है। चीन, जापान, इण्डोनेशिया, इटली, टर्की, इजिप्ट, दक्षिण कोरिया, वेनेजुएला, पेरु, बांग्लादेश, मोरक्को, हॉगकॉग, ब्राजील, पोलेण्ड समेत करीब 40 देशों में सूती धागे की मांग बढ़ी है। इसके कारण सूती धागे के दाम में भी उछाल आया है।

### 80 लाख गांठ का निर्यात, आयात शुल्क हटाया

पिछले साल के मुकाबले इस साल देश से कपास का निर्यात बढ़ा है। वर्ष 2020-21 में 54.83 लाख गांठ का निर्यात हुआ था, वही इस साल अब तक 80 लाख गांठ का निर्यात हो चुका है। जानकारों के अनुसार मांग होने से इस बार अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कपास के भाव बहुत तेज है। चीन भी इस बार बड़ी मात्रा में कपास आयात कर रहा है। भारत में भी कोरोना प्रतिबंध हटने के बाद कपड़ा उद्योगों में कपास और सूती धागे की भारी मांग आई है। सरकार ने दामों पर नियंत्रण के लिए कपास पर से आयात शुल्क को हटाया है।

### नहीं मिला लाभ

हम जनवरी-फरवरी में कपास पर से आयात शुल्क हटाने की मांग कर रहे थे। सरकार ने इस मांग को स्वीकार तो किया, लेकिन कपास का सीजन निकलने के बाद गत 14 अप्रेल को आदेश जारी किए। अब कपास पर 30 सितंबर तक आयात शुल्क हटाने के आदेश दिए है। अभी तक कपास के आयात पर 11 फीसदी टैक्स लगता था, इसमें पांच फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 फीसदी एग्रो इंफ्रा डवलपमेंट सेस था। कपास पर शुल्क हटा लेने से टेक्सटाइल चेन, यार्न, फैब्रिक, गारमेंट्स को फायदा होता, लेकिन इसकी देरी से घोषणा होने से लाभ नहीं मिल रहा।

**आर.के.जैन,** महासचिव मेवाड़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज

### दाम तेज होने से नहीं कर सके स्टॉक

हर स्पिनिंग मिलें कपास का सीजन समाप्त होने से पहले ही मार्च व अप्रेल में तीन माह का स्टॉक जमा कर लेती है। इसके बाद भी हर माह कपास की खरीद होती रहती है, लेकिन इस बार दाम में तेजी व कपास की कमी को देखते हुए किसी ने स्टॉक नहीं किया है।

- **बी.एम.शर्मा,** सह प्रबंध निदेशक, आरएसडब्ल्यूएम

दिल्ली, मुम्बई, जयपुर सहित बीकानेर की होगी नाट्य प्रस्तुति

# बीकानेर की स्थापना दिवस पर आयोजित होगा बीकाणा रंग महोत्सव

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** बीकानेर स्थापना दिवस के अवसर पर 28 अप्रैल से 1 मई तक रविंद्र रंगमंच पर बीकाणा रंग महोत्सव आयोजित किया किया जाएगा। इसमें आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। महोत्सव के तहत प्रतिदिन सांय 7 बजे से एक नाटक का मंचन किया जायेगा। इसकी शुरुआत बीकानेर के वरिष्ठ रंगकर्मी सुधेश व्यास के निर्देशन में मणि मधुकर के लिखे प्रसिद्ध नाटक दुलारी बाई के मंचन से होगा। इस नाटक में बीकानेर की संस्कृति, बोली, परम्पराएं, त्यौहार, रम्मत और रहन सहन को संगीतमय रूप में दिखाया जायेगा। नाटक में बीकानेर के युवा कलाकार भगवती स्वामी, सुनील जोशी, सुरेन्द्र स्वामी, के के रंगा, विकास शर्मा, अशोक व्यास, आमिर हुसैन इत्यादि कलाकार अभिनय करेंगे। नाटक में संगीत राजेन्द्र झुंझ देंगे। समारोह के दूसरे दिन 29 अप्रेल को राजस्थान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा रंगकर्मी सौरभ श्रीवास्तव के निर्देशन में नाटक %एक एक्टर की मौत% का मंचन किया जायेगा। समारोह के तीसरे दिन 30 अप्रेल को मुम्बई से प्रसिद्ध रंगकर्मी नादिरा बब्बर के नाट्य दल एकजुट द्वारा नाटक %फुटनोट्स ऑफ लाइफ- हाशिये जिन्दगी के% का मंचन नादिरा बब्बर के निर्देशन में किया जायेगा। नादिरा बब्बर सिनेमा और रंगकर्म में समान रूप से सक्रिय है। नाटक में उत्कर्ष मजूमदार, विभा छिब्बर, युद्धवीर दहिया, मानव पांडे, देवेश कुमार, उस्मिता राणा इत्यादि रंगकर्मी अभिनय करेंगे। महोत्सव के चौथे और अंतिम दिन दिल्ली से मशहूर रंगकर्मी अतुल सत्य कौशिक के निर्देशन में भव्य नाटक प्रेम रामायण का मंचन किया जायेगा। बीकानेर रंगकर्म के लिहाज से बेहद सक्रिय और महत्वपूर्ण आयोंजनों में अपनी घाक रखता है। इस महोत्सव को आमजन को लगातार चार दिन तक परिवार सहित स्वस्थ मनोरंजन देखने का लाभ मिलेगा।

DG बोले- जारोली के खिलाफ नहीं सबूत, कोर्ट ने जांच रिपोर्ट मांगी

# रीट लेवल-1 में नियुक्तियां कोर्ट फैसले के अधीन रहेंगी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं कि REET-2021 भर्ती परीक्षा के लेवल-1 की नियुक्तियां होने पर वह हाईकोर्ट में लगी रिट याचिकाओं पर अंतिम फैसले के अधीन रहेंगी। सुनवाई के दौरान पेश हुए SOG के ADG अशोक राठौड़ को डिविजनल बेंच ने आदेश दिए हैं। इसमें अगली तारीख 26 मई 2022 को पूरी जांच रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने के लिए कहा। साथ ही ये भी कहा कि एसओजी के पास जारोली के खिलाफ सबूत नहीं हैं। दरअसल, रीट भर्ती परीक्षा लेवल-1 और लेवल-2 में धांधली, नकल और पेपर लीक मामले की CBI जांच की मांग पर लगी याचिकाओं पर मंगलवार को राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर की डिविजनल बेंच में सुनवाई हुई। जस्टिस मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव और जस्टिस समीर जैन की कोर्ट ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रीट अभ्यर्थी मधु कुमारी नागर और भागचन्द शर्मा की रिट याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए।

### याचिकाकर्ता इन्वेस्टिगेशन में मदद और सबूत पेश कर सकते हैं

रीट अभ्यर्थी मधु कुमारी नागर के एडवोकेट रामप्रताप सैनी ने बताया कि रीट लेवल 1 की नियुक्तियां होने जा रही हैं, उन्हें रोकने की मांग कोर्ट में उठाई गई। जिस पर हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि रीट लेवल-1 की भर्तियां इस याचिका के अंतिम आदेश के ऑर्डर से प्रभावित रहेंगी। स्ह्रत्न के,ष्ठत्र अशोक राठौड़ भी कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने अब तक की जांच रिपोर्ट कोर्ट के सामने पेश की। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 26 मई को रखी है। 26 मई तक कोर्ट ने जांच जारी रखने के आदेश दिए हैं। साथ ही याचिकाकर्ताओं को भी आदेश देते हुए कहा कि अगर वो चाहें तो इस केस के संबंध में इन्वेस्टिगेशन में अपनी मदद कर सकते हैं और सबूत पेश कर सकते हैं।

### SOG के ADG ने कहा- जारोली के खिलाफ सबूत नहीं

रीट अभ्यर्थी भागचन्द शर्मा के एडवोकेट दीपक कुमार कैन ने बताया कि हाईकोर्ट में डेढ़ से दो घंटे तक केस की सुनवाई चली। सभी पक्षों की ओर से अच्छी बहस की गई। हमने महत्वपूर्ण पॉइंट उठाया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष रहे डीपी जारोली को सरकार ने सस्पेंड किया हुआ है, तो फिर SOG उन्हें जांच और पूछताछ के लिए अब तक बुला क्यों नहीं रही है। जिस पर अशोक राठौड़ ने कोर्ट में कहा कि हमारे पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। ADG राठौड़ ने कोर्ट में प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश की तो कोर्ट ने सबसे पहले पूछा अब तक कितने आरोपियों को पकड़ा है। जिस पर राठौड़ ने गोलमोल सा जवाब देते हुए कहा कि जांच जारी है। याचिकाकर्ता की ओर से हमने कोर्ट में कहा जिन आरोपियों को अब तक पकड़ा है वो जमानत पर चले गए हैं। इस पर कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्ह्रत्न के ADG 26 मई को पूरी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा। उसके बाद आगे की कार्यवाही होगी। सुनवाई में विशेष मुद्दा यह रहा कि लेवल-1 में जिस तरीके से सरकार नियुक्तियां देने की तैयारी कर रही है। उस पर कोर्ट ने आदेश दिए कि अगर सरकार नियुक्तियां देती है, तो वह सभी नियुक्तियां कोर्ट की रिट याचिकाओं के निर्णयों के अधीन रहेंगी। हमें पूरा भरोसा है कि अगली सुनवाई में कोर्ट कोई बड़ा फैसला करेगी।

कोरोना के डराते आंकड़े

# एक दिन में 50 पॉजिटिव, जयपुर में सबसे ज्यादा 30 संक्रमित मिले

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में एक बार फिर कोरोना डराने लगा है। मंगलवार को एक ही दिन में 50 नए पॉजिटिव मिले हैं। जयपुर में सबसे ज्यादा 30 संक्रमित मिले हैं। मंगलवार को 18 संक्रमितों की रिकवरी हुई। प्रदेश में लगातार कोरोना के आंकड़ों के चलते एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 203 हो गई है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट के अनुसार जयपुर के अलावा अलवर में 8, धौलपुर में 8, अजमेर में 1, भीलवाड़ा में 1, गंगानगर में 1 और उदयपुर में 1 संक्रमित मरीज मिला है। करीब एक महीने बाद पॉजिटिव केस की संख्या ने 50 का आंकड़ा छुआ है। मार्च के आखिरी हफ्ते में इतने केस रिकॉर्ड हुए थे। सोमवार को प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 171 थी।

### जयपुर में कहां कितने मिले संक्रमित

जयपुर में बनीपार्क में 1, बस्सी में 1, जगतपुरा में 2, झालाना डूंगरी में 1, मालवीय नगर में 2, मानसरोवर में 4, मोतीडूंगरी रोड पर 1, मुरलीपुरा में 3, रामगंज में 1, सांगानेर में 1, शास्त्री नगर में 4, एसएमएस में 1, सोडाला में 3, त्रिवेणी नगर में 1, वैशाली नगर में 2 और विद्याधर नगर इलाके में 1 पॉजिटिव केस सामने आया है।

### सरकार कर रही वेट एंड वॉच

प्रदेश सरकार वेट एंड वॉच कर रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के SMS हॉस्पिटल में दौरे के बाद हेल्थ मिनिस्टर परसादीलाल मीणा एक्टिव हुए हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार हॉस्पिटल के दौरे कर व्यवस्थाएं सुधारने की कोशिश की जा रही है। सरकार ने राजस्थान में विदेशों से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य कर दी है। एयरपोर्ट पर खास तौर पर नेगेटिव रिपोर्ट की जांच की जा रही है। केसों की संख्या में बढ़ोतरी होने पर मास्क लगाने की अनिवार्यता और सोशल डिस्टेंसिंग के रूल्स पर सख्ती कर सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि राज्य सरकार केन्द्र सरकार की गाइडलाइंस और दिशा-निर्देशों का इंतजार कर रही है।

जिला कलक्टर ने ली कृषि विभाग की बैठक

# कृषि आदानों की नहीं हो कमी-पोसवाल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** जिला कलक्ट्रेट के समिति कक्ष सोमवार को जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल द्वारा उप निर्देशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद्, उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) एवं सहायक निदेशक उद्यान विभाग से संचालित गतिविधियों की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में शिवराज जांगिड़, उप निदेशक कृषि (विस्तार) ने बताया कि कृषि उत्पादन कार्यक्रम पर आगामी खरीफ 2022 में बुवाई क्षेत्रफल 3 लाख 34 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है, जिस हेतु बीज एवं उर्वरक आदान की व्यवस्था की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। शिवराज जांगिड़ ने नेशनल खाद्य सुरक्षा मिशन-दलहन एवं नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर वर्षा आधारित क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत ली जाने वाली गतिविधियों एवं वर्ष 2021-22 में की गई वित्तीय प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अन्तर्गत की गई प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने आगामी खरीफ 2022 में किसी भी तरह के कृषि आदानों की कमी नहीं हो एवं दूरस्थ क्षेत्र के किसानों को कृषि आदान सुलभ एवं आसानी से उपलब्ध हो सके इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। उप निदेशक कृषि शिवराज जांगिड़ को सीमान्त एवं लघु किसानों के लिए जिन्होंने कभी सब्जी फसलों का उत्पादन नहीं किया है उन कृषकों का चयन कर सब्जी उत्पादन कराने हेतु सम्पूर्ण जानकारी के साथ किट वितरण कराने के लिए कार्य योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया, जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सके। उप निदेशक कृषि ( विस्तार ) ने जिले में किसी भी कृषि आदान की कमी नहीं होगी इसका जिला कलक्टर को आश्वासन दिया तथा सब्जी किट वितरण की कार्य योजना तैयार कर जिला कलक्टर को प्रस्तुत करने हेतु आश्वासित किया।

उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) दिनेश कुमार जागा द्वारा आत्मा योजनान्तर्गत जीबी बैठक का आयोजन किया, जिसमें संचालित गतिविधियों का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। जिसमें कृषक भ्रमण एवं कृषक प्रशिक्षण, फसल प्रदर्शन, नवाचार कार्यक्रम एवं प्रगतिशील कृषकों को राज्य एवं जिला स्तर पर पुरस्कार हेतु चयन प्रक्रिया एवं वर्ष 2021-22 की वित्तीय प्रगति की जानकारी दी। वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु 321 लाख रूपये की कार्य योजना प्रस्तुत की गई जिसका अनुमोदन सदन द्वारा किया गया। सहायक निदेशक उद्यान शंकर सिंह राठौड़ द्वारा उद्यानिकी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिला कलक्टर को बताया की नये बगीचों की स्थापना एवं ग्रीनहाउस, वर्मी कम्पोस्ट इकाई, प्याज भण्डारण इकाई एवं पैक हाउस की स्थापना हेतु कृषकों से 15 मई, 2022 तक आवेदन राज किसान पोर्टल के माध्यम से लिये जाएंगे। तत्पश्चात् लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन किया जावेगा।

जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल द्वारा जिले के किसानों को अधिक से अधिक केसीसी से जोडने हेतु जिला अग्रणी बैंक के अधिकारियों से सम्पर्क कर कार्य योजना बना कर कार्य करने हेतु उप निदेशक कृषि (विस्तार) को निर्देशित किया। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, उप निदेशक कृषि (आईपीएम), संयत्र प्रबन्धक राज सीड्स, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग तथा सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) चित्तौडगढ़, कपासन, बेगूं एवं एनजीओ के प्रतिनिधि, कृषक स्वरूचि समूह के प्रतिनिधि तथा प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया।

# राज्य की प्रत्येक पंचायत समिति में लगवाए जाएंगे रोजगार मेले

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा युवा स्वयं का उद्यम लगाकर रोजगार प्रदाता बन सकें।

रावत ने मंगलवार को अलवर के बानसूर में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग अलवर, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र तथा आईटीआई बानसूर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने रोजगार शिविर में आई एमएस पैडगेट इलैक्ट्रॉनिक्स प्रा. लि नोएडा द्वारा चयनित 207 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

# बहुमंजिला इमारतों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र बनाई जाएगी नीति-जलदाय मंत्री

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में बहुमंजिला आवासीय भवनों में रह रहे लोगों की पेयजल संबंधी समस्या के समाधान को लेकर राज्य सरकार गंभीर है और इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में नीति बनाने के लिए कमेटी के गठन एवं एक माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

डॉ. जोशी मंगलवार को सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में बहुमंजिला इमारतों एवं निजी टाउनशिप में पेयजल कनेक्शन जारी करने के संबंध में बनाई जाने वाली नीति पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरों में बढ़ रही जनसंख्या की आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुमंजिला इमारतों की संख्या बढ़ रही है। इन इमारतों में रहने वाले लोगों की पेयजल की जरूरतों को पूरा करने के लिए व्यावहारिक नीति बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है और इस मुद्दे पर जल्द ही उचित निर्णय लिया जाएगा। जलदाय मंत्री ने कहा कि राजस्थान की पेयजल उपलब्धता की परिस्थितियां अन्य राज्यों के मुकाबले विकट हैं। ऐसे में इन परिस्थितियों को देखते हुए अन्य राज्यों में बहुमंजिला इमारतों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अपनाई गई नीतियों का अध्ययन किया जाएगा। मल्टी स्टोरी एवं निजी टाउनशिप डवलपर्स के साथ ही रेजीडेन्ट वेलफेयर सोसायटी के प्रतिनिधियों के सुझावों को शामिल करते हुए नीति का शुरूआती ड्राफ्ट जल्द ही तैयार किया जाएगा। विस्तृत अध्ययन एवं सभी के सुझावों के आधार पर फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल कनेक्शन की अफोर्डेबल दरें तय करने के लिए न्यायसंगत तरीका निकाला जाएगा जो सभी के हित में हो। साथ ही, इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि बहुमंजिला इमारतों में रह रहे लोगों और फ्लैट खरीदने वालों पर अत्यधिक भार नहीं पड़े। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा कि जयपुर शहर के बहुमंजिला भवनों में 42 रूपए प्रति वर्गफीट की दर से जल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए 30 नवम्बर 2016 को परिपत्र जारी किया गया था। इसके अलावा 6 अक्टूबर 2020 को जगतपुरा-महल रोड जलापूर्ति परियोजना के तहत जगतपुरा-महल रोड क्षेत्र की बहुमंजिला इमारतों के लिए 25 रुपए प्रति वर्गफीट की दर निर्धारित की गई थी, लेकिन इसके उत्साहजनक परिणाम प्राप्त नहीं हुए। अभी बहुमंजिला भवनों में पेयजल कनेक्शन के लिए एकमुश्त भुगतान प्रस्तावित है। इसके अलावा जलापूर्ति की बुनियादी सुविधाओं की कमी वाले क्षेत्रों में बहुमंजिला इमारतों के रहवासियों को उस क्षेत्र की परियोजना लागत का न्यूनतम 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान देना होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान नीति की समीक्षा करते हुए सभी शहरों एवं कस्बों में बहुमंजिला इमारतों में पेयजल कनेक्शन के लिए तर्कसंगत दरों का निर्धारण किया जाएगा। डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा कि बिल्डर्स, टाउनशिप डवलपर्स एवं रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आदि से विचार विमर्श कर व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करने के लिए गठित होने वाली कमेटी अपनी रिपोर्ट एक माह में प्रस्तुत करेगी। इस कमेटी में बिल्डर्स एवं टाउनशिप डवलपर्स के साथ ही रेजीडेंट वेलफेयर सोसायटी के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। बैठक में क्रेडाई राजस्थान के प्रेसिडेंट धीरेन्द्र मदान, वाइस प्रेसिडेंट एन. के. गुप्ता, क्रेडाई राजस्थान के सचिव राजेन्द्र सिंह शेखावत, रविन्द्र प्रताप सिंह, टोडार के नगेन्द्र चौधरी, शरद मिश्रा, राजरेडको के अशोक पाटनी एवं विजय जैन एवं रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि रोहित सक्सेना एवं अन्य ने बहुमंजिला इमारतों एवं टाउनशिप में पेयजल कनेक्शन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में संयुक्त सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी प्रताप सिंह, मुख्य अभियंता शहरी एवं एनआरडब्लू सी. एम. चौहान, मुख्य अभियंता (तकनीकी) संदीप शर्मा, मुख्य अभियंता (ग्रामीण) आर के मीणा, मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिलीप गौड़, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (शहरी) अमिताभ शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2022 के लोगो का हुआ विमोचन

# दो वर्षों में 4171 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों का होगा गठन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता श्रेया गुहा ने यहां सहकार भवन में राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2022 के लोगो का विमोचन किया। जवाहर कला केन्द्र में 30 अप्रेल से 9 मई, 2022 तक राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2022 का आयोजन होगा। इस मौके पर रजिस्ट्रार सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल, प्रबंध निदेशक राजफैड उर्मिला राजोरिया, प्रबंध निदेशक एसएलडीबी, विजय शर्मा, प्रबंध निदेशक अपेक्स बैंक बिजेन्द्र राजोरिया, प्रबंध निदेशक कॉनफैड वी.के.वर्मा उपस्थित थे।

श्रेया गुहा ने कहा कि योजनाबद्ध ढंग से कार्य करते हुए जैविक उत्पादों को कॉनफैड बड़े स्तर पर लोगों को उपलब्ध कराए। कॉनफैड गुणवत्ता को बरकरार रखे। इससे पहले प्रमुख शासन सचिव ने विभागीय योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा की क्रियान्विति को प्राथमिकता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि गृह निर्माण सहकारी समितियों की समस्या ओं के समाधान के लिए जेडीए एवं विभागीय अधिकारियों की एक संयुक्त समिति गठित की जाए।

भगवान परशुराम जयंती

# दो साल बाद निकलेगी शोभायात्रा, होगी प्राण प्रतिष्ठा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी सहित प्रदेशभर में परशुराम जयंती महोत्सव को लेकर कार्यक्रम शुरू हो चुके है। इस बार मुख्य आयोजन भगवान परशुरामजी की मूर्ति की प्राण–प्रतिष्ठा का होगा। इसके अलावा ताड़केश्वर महादेव मंदिर में महाआरती होगी। इस बार फिर भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जलेब चौक से परशुरामजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए चौगान स्टेडियम पहुंचेगी।

इस बार सर्व ब्राह्मण महासभा एवं अन्य सहयोगी ब्राह्मण संगठनों की ओर से राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। आठ मई तक 21 दिवसीय कार्यक्रम हो रहे है। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा बताया कि 21 दिवसीय इस कार्यक्रम में भगवान परशुराम से जुड़े कई कार्यक्रम हो रहे है। इसके लिए एक समिति भी बनाई गई है। 30 अप्रेल को चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में 5100 दीपों से महाआरती होगी। इसमें शहरभर के लोग ताड़केश्वर महादेव की आरती करेंगे।

### मुख्य समारोह 3 मई को

दो मई को परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर रेलवे स्टेशन स्थित भगवान परशुराम सर्किल पर नन्हे-मुन्ने बच्चे दीप प्रज्जवलन करेंगें। परशुराम जयंती का मुख्य समारोह 3 मई को होगा। समारोह में भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। बनीपार्क स्थित झखेश्वर महादेव मंदिर में भगवान परशुरामजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई जाएगी।

ANCHOR | प्रदर्शनी

# प्रदेश में विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी-मीणा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जब तक महिलाएं आर्थिक दृष्टि से मजबूत नहीं होंगी, प्रदेश विकास नहीं कर सकता हैं, इसलिए महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत किया जाएं। यह बात ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग मंत्री रमेश चंद मीणा ने डूंगरपुर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'समूह सम्बल संवाद' कार्यक्रम के दौरान कही।

कार्यक्रम से पहले अतिथियो ने समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री मीणा ने महिलाओं से वन टू वन संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान हेतु निर्देश दिये। राजीविका से जुडी महिलाओं ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए कहा कि इससे उनकी आर्थिक उन्नति के साथ-साथ पालन पोषण में भी मदद मिल रही है और वें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही है वहीं महिलाएं सभी फ्लैगशिप योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ ले रही है।

मीणा ने कहा कि समाज मे समानता लाने के लिए अब समूह केवल गरीब महिलाओं का ही बनेगा और उस समूह की अध्यक्ष भी वही महिला बने जो गरीब व वंचित हो तथा विकास के मुख्यधारा से अलग हो, इससे वह महिला खुलकर अपनी समस्या रख सकेगी। तभी सही मायने में इस योजना का लाभ गरीब महिलाओं को मिलेगा। राजीविका की महिलाएं ही सरकार की फ्लेगशिप व योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही धरातल पर जाकर विकास के कार्यो को देखेंगी। इससे सभी महिलाओं को काम मिलेगा। मंत्री श्री मीणा ने महिलाओं को अपने बच्चों को शिक्षित करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने कहा कि राजीविका से जुडने के बाद महिलाओं ने अपनी-अपनी सफलता की कहानी को साझा किया। इसे सुनने के बाद राजीविका योजना को शुरू करने का उद्देश्य सार्थक होता नजर आ रहा है।

इस मौके पर उन्होंने मनरेगा के तहत काम 100 से 125 दिन करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शासन सचिव ग्रामीण विकास के.के. पाठक ने कहा कि राजीविका से जुड़ने के बाद महिलाओं की आर्थिक उन्नती तो हुई है। इसके साथ ही महिलाओं का सामाजिक विकास भी हुआ है और समाज के विकास में भागीदारी निभा रही है। उन्होने महिलाओं से कहा कि आप आगे चले हम आपके सहयोग के लिए सदैव आपके साथ है। साथ ही आय बढ़ाने के लिए महिलाओं को फलदार पौधे लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आप भी हमें स्वयं सुझाव दे, जिससे हम सुधार कर सकें।

कार्यक्रम में डूंगरपुर जिला कलक्टर श्रीमति शुभम चौधरी ने कहा कि राजीविका से जुड़ने के बाद महिलाओं का कौशल विकास, आर्थिक उन्नती के साथ - साथ मानसिक विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता आई हैं। महिलाओं में अपने बच्चों को शिक्षा देने में जोर दे रहे है। यह भी राजीविका से जुड़ने के बाद बदलाव आया है।

कार्यक्रम में राजस्थान अनुसूचित जाति विकास वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष शंकर यादव, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग के.के. पाठक, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर हरदीप चोपड़ा, स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर सोमदत्त दीक्षित और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न पदाधिकारी और काफी संख्या में स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं ने भाग लिया।


परशुराम जन्मोत्सव
की
हार्दिक
शुभकामनाएँ
Smaller EMIs on
30 YEAR
HOME LOANS
8.45%*
Interest Rate
अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
तक लोन करवायें...
कीमत का 150%
IDFC FIRST Bank
BAJAJ Bajaj FinServ Limited
TATA CAPITAL We only do what's right for you
Mahindra Finance
ICICI Bank Home Loans khayaal aapka
MAGMA
HeroFinCorp.
sk FINANCE
HDFC BANK We understand your world
शर्तें लागू*
authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666
housing mortgage loan also available